12.44 Hrs.

CORRECTION OF ANSWER TO S.Q. NO. 366 *RE.* BONUS FOR EMPLOYEES OF ASHOKA HOTEL

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WORKS, HOUSING AND SUPPLY (SHRI IQBAL SINGH) : In reply to Supplementary questions to Starred Question No. 366 answered on the 30th November, 1967, regarding bonuses for employees of Ashoka, Janpath, Ranjit and Lodhi Hotels, I informed the Lok Sabha that in Hotel Janpath a bonus of 10% was given, whereas in Ranjit and Lodi Hotels, only 4% bonus was given. The factual position is that in all the three hotels, namely, Janpath, Ranjit and Lodhi, a 10% bonus was given since all the employees were under the Janpath Hotels Limited which controls all the three hotels.

MR. SPEAKER : The Home Minister.

12.44½ Hrs.

OFFICIAL LANGUAGES (AMENDMENT) BILL AND RESOLUTION *RE.* OFFICIAL LANGUAGES

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : Sir, I beg to move : (*Interruption*).

SHRI RAM SEWAK YADAV : ***

MR. SPEAKER : Nothing will be taken down.

SEVERAL HON. MEMBERS *rose*—

MR. SPEAKER : Nothing will be taken down. (*Interruption*). Order, order. Points of order are being raised now. When the Bill was introduced the other day, points of order were raised. I permitted them and the points of order were discussed, in regard to this Bill. The legality and the constitutionality of the Bill were discussed. Now, today, to raise points of order again is not proper. I am not going to allow it, because on that day, I had allowed everybody to speak.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वाइन्ट आफ आर्डर है, आप मेरी बात सुनिये .....

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : आप पहले इनकी बात सुनिये । आप पहले ही मना कर रहे हैं ।

MR. SPEAKER : Mr. Limaye has written to me already. He cannot spring a surprise on me like that. He has written to me. (*Interruption*). have allowed all of you.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (Balrampur) : You did not allow me. I was not even present then. Hon. Members are within their right to make points of order.

MR. SPEAKER : I have allowed all the Members, individually.

श्री कंवर लाल गुप्त : (दिल्ली सदर) : अध्यक्ष महोदय, कोई नया प्वाइन्ट भी हो सकता है । अगर आज मैं एक प्वाइन्ट उठाता हूं, कल दूसरा भी उठा सकता हूं—यह मेरा अधिकार है, आपको रोकना नहीं चाहिये, यह रूल्ज के मुताबिक है ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मेरा यह कहना है कि जैसा अभी आपने कहा कि जिस दिन यह बिल इन्ट्रोड्यूस हुआ था, उस दिन इस बिल में अगर कोई असंवैधानिक बातें थीं तो उस दिन उन पर विचार कर लिया गया था और उनके आधार पर यह निर्णय कर लिया था कि इस बिल को विचार के लिये प्रस्तुत किया जाय, लिहाजा अब उस विषय पर कोई बात नहीं सुनी जा सकती । शायद आप यही बात कहना चाहते थे। लेकिन, अध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल के सम्बन्ध में कोई असंवैधानिक बाधा प्रस्तुत नहीं कर रहा हूं, मैं तो इस बिल के साथ गृह मंत्री जी ने जो एक संकल्प प्रस्तुत किया है, उसके सम्बन्ध में क्या असंवैधानिकता है, उसकी ओर आपका ध्यान खींचना चाहता

*** Not recorded.

हूं । इस सदन की यह परम्परा है कि दो तरह के संकल्प यहां आते हैं—एक वे होते हैं जो गैर-सरकारी सदस्यों की ओर से आते हैं और दूसरे वे होते हैं जो सरकारी पक्ष की ओर से आते हैं—इस तरह से जो सरकारी पक्ष की ओर से आते हैं और दूसरे जो गैर-सरकारी सदस्यों की ओर से आते हैं—उनमें अन्तर होता है । इस संकल्प में दो शब्द इस प्रकार के हैं जिनसे संविधान की जो शपथ आपने ली है और जो शपथ इस सदन के 550 सदस्यों ने ली है—उसको दृष्टि में रखते हुए, आपका भी कर्त्तव्य है और हमारा भी कर्त्तव्य है कि इस संविधान की पवित्रता की रक्षा करें । अगर इस संकल्प में कोई इस प्रकार का शब्द है जिससे संविधान की मूल भावनाओं को आघात पहुंचता है या जो उसके विपरीत हैं, तो मैं आप से अनुरोध करता हूं कि आप इस पर अपनी व्यवस्था दें कि इस प्रकार का संकल्प इस सदन में प्रस्तुत हो सकता है या नहीं ?

पहली बात तो यह है कि इस संविधान की धारा 383 को आप पढ़ें, जिसके अन्तर्गत यह निश्चय कर दिया गया है कि संघ की राज्य भाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी है । अब इस संकल्प की पहली पंक्ति में यह है (अगर इसका हिन्दी अनुवाद सही है तो) संविधान के अनुच्छेद 383 के अनुसार संघ की राज्य भाषा हिन्दी होगी । अध्यक्ष महोदय, मेरा कहना यह है कि संविधान के अनुसार और 1965 के राज-भाषा संशोधन विधेयक के अनुसार भी सरकार इस बात को स्वीकार कर चुकी है कि संघ की राज-भाषा हिन्दी है । जब सरकार इसको स्वीकार कर चुकी है और संविधान के अन्तर्गत यह है तो इस संकल्प में ये शब्द नहीं आ सकते कि राज-भाषा हिन्दी होगी । इसका अभिप्राय यह है कि सरकार नये सिरे से इस चेप्टर को फिर खोलने जा रही है, जो कि असंवैधानिक है ।

दूसरी बात यह है कि इसी संकल्प में एक स्थान पर यह लिखा है कि लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के सम्बन्ध में देश के किसी भाग के साथ किसी प्रकार का कोई पक्षपात नहीं होगा । वहीं पर एक शब्द यह लिखा गया है—आप अन्तिम पैरे से ऊपर पढ़ें । यदि यह हिन्दी अनुवाद सही है तो—कि उम्मीदवारों के चयन के समय हिन्दी का ज्ञान अनिवार्यत: अपेक्षित नहीं होगा । जब संविधान के अनुसार हिन्दी इस देश की राजभाषा हो गई है और सह-भाषा के रूप में ही केवल अंग्रेजी है तो आज गृह-मंत्री या प्रधान मंत्री या कोई भी सरकार पहले संविधान में संशोधन करे । संविधान में संशोधन करके इस बात को कहे कि 1965 के बाद भी अंग्रेजी प्रमुख भाषा है । लेकिन जब तक ऐसा संशोधन नहीं होता है और 1965 के बाद से अंग्रेजी प्रमुख भाषा नहीं है । इस देश की राजभाषा केवल हिन्दी ही है, तो कोई भी संकल्प सरकार की ओर से इस प्रकार का नहीं आ सकता जिसमें यह हो कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिये हिन्दी को अनिवार्यता नहीं होगी । इन दोनों प्रश्नों की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । दोनों बातें असंवैधानिक हैं, संविधान की धाराओं के विपरीत हैं ।

जहां तक इस बात का सम्बन्ध है कि नेहरू जी के आश्वासन के आधार पर ऐसा करना पड़ रहा है । इस समय विस्तार से तो मैं नहीं कहना चाहता, लेकिन इतना अवश्य कहना चाहता हूं कि नेहरू जी की अपेक्षा संविधान बड़ा है, नहरू जी संविधान से बड़े नहीं हैं ।

श्री रामसेवक यादव (बाराबंकी): अध्यक्ष महोदय, जैसा आपने कहा कि यह जो विधेयक प्रस्तुत है—इस विधेयक को हम संवैधानिक मानते हैं या असंवैधानिक मानते हैं, इस पर जब चर्चा चलेगी, तब इस को उठाया जा सकता है तथा मैं यह भी जानता हूं कि माननीय प्रकाशवीर शास्त्री ने जो इस पर आपत्ति

[श्री राम सेवक यादव]

उठाई है, इसके लिये भी आप यही तर्क देंगे कि इस पर चर्चा होने वाली है । मैं कहना चाहता हूं कि चाहे यह विधेयक हो या जो प्रस्ताव माननीय गृह-मंत्री जी ने रखा है, दोनों संविधान की व्यवस्था, मंशा, सब के विपरीत हैं, उस की मंशा और व्यवस्था के खिलाफ हैं । इस में सिर्फ एक व्यक्ति विशेष की मंशा का सहारा लिया गया है और मैं साफ कहना चाहूंगा, इस सदन में आपके द्वारा निवेदन करूंगा कि क्या किसी व्यक्ति विशेष की मंशा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से भी बड़ी हो सकती है और जब कि हमारे संविधान में यह व्यवस्था हो । राष्ट्रपिता ने कहा था—अगर मेरे हाथ में तानाशाही के अधिकार हों, तो मैं एक क्षण में अंग्रेजी को खत्म कर दूं ।

मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि केन्द्र की कांग्रेस सरकार ने इस विधेयक द्वारा राजभाषा पद पर अंग्रेजी को कायम रखने का प्रयास किया है और हम देख रहे हैं कि सरकार के इस कुप्रयास का हर जगह किस तरह विरोध हो रहा है और आम जनता में इस को लेकर किस कदर एक व्यापक असन्तोष की लहर फैल रही है और मैं कहना चाहता हूं कि यह जो घटनाएं घट रही हैं उस के लिये यह केन्द्रीय सरकार जिम्मेदार है चाहे वह घटनाएं बिहार में घट रही हों या उत्तर-प्रदेश में घट रही हों या और कहीं घट रही हों..... (व्यवधान)

MR. SPEAKER : Is the hon. Member making a speech ? Mahatma Gandhi does not come in the point of order.

श्री रामसेवक यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं आपको आश्वासन देता हूं कि मैं किसी के बोलने में कोई बाधा नहीं डालूंगा हां वे लोग जिनकी कि मातृभाषा हिन्दी है वे यदि अंग्रेजी में बोलते हैं तो बात और है ।

मैं यह निवेदन करूंगा कि यह जो लोग कह रहे हैं कि हम हिन्दी लादना चाहते हैं तो मैं यह कह देना चाहता हूं कि ऐसी न तो हमारी मंशा है और न इरादा है । हम किसी के ऊपर हिन्दी लादना नहीं चाहते । साथ ही साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि जब देश की एकता का प्रश्न उठाया जाता है तो मैं कहना चाहूंगा कि अगर देश की एकता के लिए अंग्रेजी के बनाये रखने की बात होगी.....

SHRI N. SREEKANTAN NAIR (Quilon) : Sir, it is not a question of one man. It is a question of unity of India. If you want us in the Indian Union you will have to give us our due rights. You cannot ride over us. You cannot be imperialists over us. We would not allow it. We are not here by anybody's courtesy. (*Interruptions*).

MR. SPEAKER : Order, order. It is a point where tempers will rise high. Still, when you have an opportunity to discuss, everybody must be given an opportunity to express his views.

श्री हुकम चन्द कछवाय (उज्जैन) : आप यह राजभाषा (संशोधन) विधेयक वापिस करवा दें तो सब ठीक हो जायेगा वरना गड़बड़ी और भी बढ़नें वाली है ।

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli) : This point of order was raised and discussed the other day. Every day the same point is raised.

Every day we cannot allow it. There is a limit to everything.

MR. SPEAKER : A point of order has been raised. Ample time has been given for this Bill. It is not that all the 522 Members will speak on this. Twelve hours have been allotted for this Bill. Again the Business Advisory Committee is meeting today at 4.45 P.M. We will be discussing again about the time and all that. Therefore, if one section tries to disturb the other section it leads us nowhere. Shri Prakash Vir Shastri has raised a point of order. Whether Shri Yadav is supporting it or opposing it I do not yet know. He is still on Mahatma Gandhi, Lala Lajpat Rai and others. When he comes to the point of order we will know. I would

now request him to come to the point of order. Let us quietly hear him. Let not anybody disturb when others are speaking. Everybody has to place his point of view.

श्री रामसेवक यादव : हमें डर है कि कभी यह भी कहा जायेगा कि विदेशी हुकूमत करो तभी देश एक रहेगा । मैं यह कह रहा हूं कि सारे देश में इस प्रश्न को लेकर जो भाषा सम्बन्धी चीज आज से बहुत पहले सन् 50 में तय हो गई थी, संविधान में वह स्पष्ट तौर पर लिख दी गई थी आज इस विधेयक को लाकर उस में सरकार आग लगा रही है । यह जो व्यापक असन्तोष सर्वत्र फैल रहा है उस के लिये केन्द्र जिम्मेदार है । यह जो भाषा विधेयक भारत सरकार के गृह मंत्री ने रखा है उस को लेकर सारी दिल्ली की जनता में विक्षोभ है, एक असन्तोष है । कल दिल्ली में सब जगह हड़ताल थी और कल जनता के चुने हुए नुमायन्दों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है । इसलिये पहले तो यह जो सारे वातावरण को आग लग गई है उस पर सारे कामकाज को रोक कर बहस होनी चाहिये । उस के बाद इस बात पर विचार किया जा सकता है कि विधेयक पर विचार हो सकता है या नहीं लेकिन पहले उस हमारे कामरोको प्रस्ताव पर चर्चा की जाये ।

श्रीमती सुचेता कृपलानी (गोंडा) : शास्त्री जी ने जिन दो बातों की तरफ ध्यान दिलाया है उन दोनों के विषय में मैंने संशोधन दिये हैं और मैं आशा करती हूं कि उन को वह मंजूर करेंगे ।

श्री मधु लिमये : अभी संशोधनों का सवाल नहीं है बल्कि व्यवस्था का सवाल है ।

डा० गोविन्द दास (जबलपुर) : अभी सुचेता जी ने कहा कि उन्होंने संकल्प के सम्बन्ध में दो सुझाव भेजे हैं । मेरा आप से निवेदन है कि प्रकाशवीर शास्त्री जी के मतानुसार कि जिस मत का मैं समर्थन करता हूं, यानी संकल्प ही गैर-कानूनी है । अगर संकल्प गैर-कानूनी है तो उस में सुधार का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता । आप को पता है कि उस संकल्प के आरम्भ में जो कुछ कहा गया है और उस के बाद जो कुछ कहा गया है वह दोनों बातें ऐसी हैं कि जिससे संकल्प गैर-कानूनी, अनकांस्टीट्यूशनल, संविधान के विरुद्ध सिद्ध होता है । इस लिये मेरा निवेदन है कि जब संकल्प ही गैर-कानूनी है, संविधान के विरुद्ध है तब सुधार का प्रश्न कहां से उपस्थित होता है ।

मैंने, जब विधेयक आया, उस समय भी यही बात कही थी और आज मैं फिर कहता हूं । कुछ ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हो रही हैं जिनसे केवल दिल्ली में ही नहीं वरन् सारे देश में एक क्षोभ हो गया है । उत्तर प्रदेश में देखिये, दिल्ली में देखिये, सब जगह देखिये इस तरह की घटनायें घट रही हैं और असन्तोष भड़क रहा है इसलिये मेरा निवेदन है कि सरकार को इस गैर-कानूनी विधेयक के संकल्प को वापिस ले लेना चाहिये ।

MR. SPEAKER : You are the senior-most Member of this House. Yet, you are making a speech on a point of order. Will you kindly sit down. You should set an example to other Members.

SHRI A. K. SEN (Calcutta North West): On this point of order may I make a few submissions ? When the whole Constitution was adopted on the 26th January, 1950; article 343 read that as from the date of 26th January, 1950 the official language of the Union shall be Hindi in Devanagari script. If it had been drafted in any other way, say, instead of the word "shall" the word "is" was there, it would have meant that on that day it may be Hindi in Devanagari script but in future it might be something else. So, those who are raising this point of order do not know that they are destroying their own argument. Then, in future it would be open to anybody to change it.... (*interruptions*). They do not know what they are saying.

श्री जार्ज फरनेन्डीज (बम्बई दक्षिण) : बिलकुल गलत बोल रहे हैं ।

श्री य० द० शर्मा : यह बड़े खेद का विषय है कि कानून के पंडित भाषा को तोड़-मरोड़ कर इस तरह का अर्थ कर रहे हैं और उन्हें इस के लिये लज्जा आनी चाहिये.....

SHRI A. K. SEN : Those who drafted the Constitution were able lawyers.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : I am speaking on the point of order raised by Shri Prakash Vir Shastri. The Resolution reads like this :

"जबकि संविधान के अनुच्छद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी होगी ।"

13 HRS.

After notice of it was given, I saw some notice of amendment to the effect that for "shall" read "is". This amendment was given notice of by Shrimati Sucheta Kripalani and others. I would only request, let us not quibble on this. Shri Asoke Sen has quoted something; he wanted to prove that the word "shall" is the proper word used, though it says that the language is Hindi. Just to cut short all this, I would suggest that Shri Chavan should accept this amendment and he should move the amended motion. He should say : **भाषा हिन्दी है न कि होगी ।**

SHRIMATI SHARDA MUKERJEE (Ratnagiri) : In continuation of what Shri Asoke Sen said, the word "shall" is a mandatory word. When you say, "Thou shall not kill", it means, you will not kill either today or tomorrow. The word "shall" is not for the future; the future is "will". "You will do this" is for the future; "You shall do this" is a mandatory word.

SHRI BAL RAJ MADHOK (South Delhi) : I rise to support the point of order of Shri Prakash Vir Shastri. In the Constitution the word "shall" has been used. In the English language the word "shall" has a certain connotation. The word "shall" was used when the Constitution was framed and it was said that after 15 years this will come into force; therefore, the words "shall be" were put there. But now the 15 years are over and officially Hindi has become the official language of the country. Therefore when a Resolution is brought forward in 1967 the words "shall be" cannot be used; the word should be "is". We are referring to the Resolution in Hindi, not in the English language. The phraseology and connotation of a particular word in the English language do not apply to Hindi. When a Resolution is given in Hindi, the proper word should be used.

The second point that Shri Prakash Vir Shastri has raised is about the words that anyone entering the service need not have compulsory knowledge of Hindi. When Hindi is the official language, how can a man enter the service of the country without the knowledge of Hindi ? Therefore, this also is unconstitutional.

On both these counts the point of order of Shri Prakash Vir Shastri should be upheld.

SHRI A. K. SEN : The real difficulty is.....

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Why should he speak again ?

SHRI A. K. SEN : ..... because of wrong translation of the English word "shall" in Hindi. It should have been translated as "rahegi" instead of "hogi". "Rahegi" would have been the proper translation.

श्री अमृत नाहाटा (बाड़मेर) : माननीय सदस्य श्री प्रकाशवीर शास्त्री जी ने जो व्यवस्था का प्रश्न उठाया है उस में मुझे काफी वजन नजर आता है । यह बात सही है कि प्रस्ताव में जो यह शब्द इस्तेमाल किया गया कि हिन्दी भाषा होगी वह हमारे संविधान की आत्मा के प्रतिकूल है । इसी प्रकार श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने यह जो व्यवस्था का प्रश्न उठाया है कि हिन्दी अनिवार्य नहीं होगी वह भी हमारे संविधान की आत्मा के विरुद्ध है । लेकिन ये दोनों बातें पूरे प्रस्ताव के दो छोटे-से अंश हैं इसलिये जब हम इस प्रस्ताव पर विचार करें उस वक्त यदि श्री प्रकाशवीर शास्त्री कहें कि इनमें ये संशोधन किये जायें क्योंकि ये अंश संविधान के खिलाफ हैं तो मेरा विश्वास है कि सरकार को उन संशोधनों को स्वीकार करना

पड़ेगा और हम उनका समर्थन करेंगे । लेकिन चूंकि ये दो भाग संविधान की आत्मा के खिलाफ हैं इस आधार पर यदि यह कहा जाये कि पूरा का पूरा संकल्प जो है उस पर विचार ही न करें, और यह सदन या सदन के अधिकारों की परिधि के बाहर है तो इस विचार से मैं सहमत नहीं हूं । इसलिये मैं उन से निवेदन करूंगा कि प्रस्ताव पर बहस को वह चलने दें ।

MR. SPEAKER : Now we are adjourning for lunch and at 2 o'clock we will begin the discussion on the Bill and the Resolution and the technicalities also.

13.05 hrs:

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Fourteen of the Clock

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*].

OFFICIAL LANGUAGES (AMENDMENT) BILL AND RESOLUTION *RE.* OFFICIAL LANGUAGES—*Contd.*

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Sir, I want to raise a point of order.

SOME HON. MEMBERS *rose*—

MR. DEPUTY SPEAKER : All of you please resume your seats. I will permit everyone.... (*Interruptions*) Please resume your seats. Let us follow the procedure.

श्री नाथ पाई (राजापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : No, no. I was in the House when the points of order were being raised. I am following a procedure under Rule 376 that we are following here. If I have followed correctly, the Home Minister just referred to the Bill. The Resolution was not placed before the House and before that some points of order were raised on the Resolution. (*Interruptions*).

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : इस में लिखा है कि बिल और रेजोल्यूशन एक साथ लिये जायेंगे ।

SHRI MANOHARAN *rose*—

MR. DEPUTY-SPEAKER : He may please resume his seat. He is quite meticulous about procedures. He may resume his seat. Let the Home Minister move the Resolution and before he makes a speech or I say that the discussion might start, I will permit the hon. Member. Let the Home Minister first move the Resolution because, as it is, there is nothing before the House.

श्री रामसेवक यादव : उपाध्यक्ष महोदय, आप मंत्री महोदय को बुलाने से पहले मेरा निवेदन सुन लें । मेरा काम रोको प्रस्ताव है, व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : This is not fair. All the hon. members may please resume their seats. Let the Home Minister move his Resolution first.

SHRI MANOHARAN (Madras North) : I have nothing to do with the Bill..... (*Interruptions*).

SOME HON. MEMBERS *rose*—

MR. DEPUTY-SPEAKER : All the hon. members may please sit down. Let the Home Minister move his Resolution first...

SHRI MANOHARAN : I have nothing to do with the Bill. Please allow me to speak. . . .

श्री कंवर लाल गुप्त : मैंने सब से पहले पायंट आफ़ आर्डर उठाया था । आप मुझे पायंट आफ आर्डर उठाने की इजाजत दीजिये ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : I will permit him later. Let him move the Resolution.

SHRI MANOHARAN : I have nothing to do with the Bill. I just want to draw the attention of the hon. Home Minister to this fact. I have just now received information that the Madrasi Schools in Delhi have been raided by the student population in Delhi..

AN HON. MEMBER : Bengali Schools also.

SHRI MANOHARAN : Yes, Bengali Schools also, and certain students of South Indian origin have been attacked here....

श्री मधु लिमये : बहुत बुरा हुआ ।

SHRI MANOHARAN : I can prove this.

Three days back, three MLAs from Madras came to attend a Co-operative Conference in Delhi and they wanted to go to Agra; on the way, these people were beaten down and the name-plate was removed. I am told that the next target of attack is the Members of Parliament representing South India....(*Interruption*). The Home Minister may give us protection....(*Interruption*) I cannot understand this. This is the position.

श्री मधु लिमये : पहले हम मार खायेंगे । मानीय सदस्य न घबरायें ।

श्री हुकम चन्द कछवाय : यह सदन को गुमराह कर रहे हैं । यह ग़लत बात है । किसी ने ऐसा नहीं किया है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Manoharan has related certain incidents and the Home Minister will take note of them. He may now move his Motions.

SHRI NAMBIAR : I have seen the boy beaten. A boy living in my house came back beaten from the school....

MR. DEPUTY-SPEAKER : The Home Minister may move his Motions.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : I move :

"That the Bill to amend the Official Languages Act, 1963, be taken into consideration."

I also move the following Resolution :—

('WHEREAS under the article 343 of the Constitution Hindi shall be the official language of the Union, and under article 351 thereof it is the duty of the Union to promote the spread of the Hindi language and to develop it so that it may serve as a medium of expression for all the elements of the composite culture of India;

This House resolves that a more intensive and comprehensive programme shall be prepared and implemented by the Government of India for accelerating the spread and development of Hindi, and its progressive use for the various official purposes of the Union, and an annual report giving details of the measures taken and the progress achieved shall be laid on the Table of both Houses of Parliament, and sent to all State Governments;

2. WHEREAS the Eighth Schedule to the Constitution specifies 14 major languages of India besides Hindi and it is necessary in the interest of the educational and cultural advancement of the country that concerted measudes should be taken for the full development of these languages;

This House resolves that a programme shall be prepared and implemented by the Government of India, in collaboration with the State Governments, for the coordinated development of all these languages, alongside Hindi so that they grow rapidly in richness and become effective means of communicating modern knowledge.

3. WHEREAS it is necessary for promoting the sense of unity and facilitating communication between people in different parts of the country that effective steps should be taken for implementing fully in all States the three-language formula evolved by the Government of India in consultation with the State Governments;"

"This House resolves that arrangements should be made in accordance with that formula for the study of a modern Indian language, preferably one of the Southern languages, apart from Hindi and English in the Hindi-speaking areas, and of Hindi along with the regional languages and English in the non-Hindi-speaking areas;

4. And, whereas, it is necessary to ensure that the just claims and interests of persons belonging to non-Hindi-speaking areas in regard to the public services of the Union are fully safeguarded;

This House resolves—

(a) that compulsory knowledge of Hindi shall not be required at the stage of selection of candidates for recruitment to the Union services or posts excepting any special services/posts for which a high standard of Hindi knowledge may be considered essential for the satisfactory

performance of the duties of the service or post; and

(b) that all the languages included in the Eighth Schedule to the Constitution and English shall be permitted as alternative native media for the All India and higher Central Services examinations after ascertaining the views of the Union Public Service Commission on the future scheme of the examinations, the procedural aspects and the timing."

SHRI KANWAR LAL GUPTA : On a point of order, Sir.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Let him conclude.

SHRI Y. B. CHAVAN : Sir, the Bill relates. . .

SHRI KANWAR LAL GUPTA : He is making a speech, Sir.

SHRI Y. B. CHAVAN : I would certainly like to make a few observations.

SHRI KANWAR LAL GUPTA *rose*—

MR. DEPUTY SPEAKER : He is not making a major speech. He is just explaining.

SHRI KANWAR LAL GUPTA AND SHRI NATH PAI *rose*—

MR. DEPUTY-SPEAKER : He has resumed his seat. Mr. Gupta, I will permit you. But let us have some order while disposing points of order. No. 1, according the Rule 376, certain specific procedure is there. That must be followed while raising a point of order. I will permit one Member from each Group. If it is repetitive, then, of course, I will have to stop there; otherwise, points of order will be endless.

I will call Mr. Gupta first, and later on call Mr. Nath Pai.

श्री कंवर लाल गुप्त : उपाध्यक्ष महोदय, आप का धन्यवाद है.....

SHRI J. MOHAMED IMAM (Chitradurga) : Has the Home Minister finished his speech ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : He will make his speech later on, but when he has moved the resolution, they have a right to raise a point of order.

L93LSS/67

श्री कंवर लाल गुप्त : जहां तक देश की भाषा का सवाल है.....

श्री शिव नारायण (बस्ती) : उपाध्यक्ष महोदय, प्रकाशवीर शास्त्री का प्वाइंट आफ आर्डर खत्म हो गया ?

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Sir, this is a point of disorder.

इनको रोकिए

SHRI SHEO NARAIN : Who are you ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Sheo Narain, please resume your seat.

SHRI SHEO NARAIN : Sir, I have a right to speak.

श्री कंवर लाल गुप्त : अध्यक्ष महोदय, भाषा के सम्बन्ध में जो व्यवस्था विधान में की गई है वह आर्टिकिल 343 के तहत की गई है और 343 में यह लिखा है :

'The official language of the Union shall be Hindi in Devanagari script.'

इसके आगे एक प्राविजो है जिस में लिखा है :

"Notwithstanding anything in clause (1), for a period of fifteen years from the commencement of this Constitution, the English language shall continue to be used for all the official purposes of the Union for which it was being used immediately before such commencement".

तो यह दूसरी बात अध्यक्ष महोदय, उसमें यह लिखी गई है कि जब यह विधान बनेगा उसके बाद 15 साल तक अंग्रेजी भी लागू रहेगी और उसके इसके आगे एक तीसरा है : ?

"Notwithstanding anything in this article, Parliament may by law provide for the use, after the said period of fifteen years, of the English language..... for such purposes as may be specified in the law".

इसमें यह कहा गया है कि 15 साल के बाद भी पार्लियामेंट एक कानून बना सकती है जिसमें यह कहते हैं कि अंग्रेजी भी कुछ कामों के लिए रह सकती है । इसका

[श्री कंवर लाल गुप्त]

मतलब यह है कि १५ साल तो बीत गए। अब उसके बाद हिन्दी के ऊपर किसी प्रकार का भी प्रतिबन्ध नहीं होना चाहिए। आर्टिकिल में कहा गया है कि अंग्रेजी भी चाहें तो अंग्रेजी भी आ सकती है, कुछ कामों के लिए आ सकती है, यह विधान में है। और दूसरी चीज विधान में यह है कि आहिस्ता-आहिस्ता हिन्दी देश की राष्ट्रभाषा बनेगी।

उसके बाद आर्टिकिल 344 में यह कहा है कि राष्ट्रपति 5 साल के बाद एक कमीशन बनाएगा। मैं आप की आज्ञा से उसे पढ़ देना चाता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : I know that. The hon. Member's point of order now can refer only to that article or section which is referred to in this resolution.

श्री कंवर लाल गप्त : आप मुझे थोड़ा टाइम दें।

आर्टिकिल 344 में यह कहा गया है कि राष्ट्रपति पांच साल के बाद एक कमीशन बनाएगा। उसके बाद दस साल के बाद एक कमीशन बनाएगा। लेकिन एक ही कमीशन बना और इन्होंने विधान को वायलेशन किया। दूसरा कमीशन नहीं बनाया। इसके बाद कमीशन की जो रिपोर्ट आई वह यह है कि यह सदन और दूसरा सदन मिलकर एक कमेटी बनाएगा और उस की सिफारिश होगी। उसके बाद राष्ट्रपति किस प्रकार से आहिस्ता-आहिस्ता हिन्दी आ सकती है 15 साल के बाद या 15 साल तक वह क्या हिदायतें राष्ट्रपति देगा यह आर्टिकिल 344(6) में लिखा हुआ है।

अब इसका मतलब यह है कि विधान बनाने वालों की नीयत यह साफ थी लेटर ऐंड स्पिरिट दोनों में कि आहिस्ता-आहिस्ता हिन्दी आनी चाहिए। पांच साल में आये दस साल में आये। ज्यादा से ज्यादा 15 साल से ज्यादा नहीं होना चाहिए। लेकिन अंग्रेजी भी 15 साल के बाद कुछ कामों के लिए हो सकती है। मगर अध्यक्ष महोदय, यह जो बिल है और जो प्रस्ताव रखा गया है यह विधान की स्पिरिट के खिलाफ तो है ही साथ ही यह जो 344 (6) में पावर्स दी हुई हैं राष्ट्रपति को उसके ऊपर भी पाबन्दी लगाता है। मैं बताता हूं किस तरह से पाबन्दी लगाता है। पहला बिल भी जो पास हुआ 1963 में भी और इसमें भी जो प्राविजो रखा गया है आखिर में देखिए तीसरा क्लाज है :

'To sub-section 4 of section 4 of the principal Act, the following proviso shall be added, namely :—

"Provided that the directions so issued shall not be inconsistent with the provision of section 3".

और सेक्शन 3 में अध्यक्ष महोदय, यह लिखा हुआ है कि अंग्रेजी अभी सब परपजेज के लिए होगी। सेक्शन 3 मैं पढ़े देता हूं।

"Notwithstanding the expiration of the period of fifteen years from the commencement of the Constitution, the English language may, as from the appointed day, continue to be used, in addition to Hindi :

(a) for all the official purposes of the Union for which it was being used immediately before that day and (b) for the transaction of business in Parliament".

इसका मतलब यह हुआ कि यह जो बिल मंत्री जी ने रखा है उसका कहना यह है कि कोई ऐसी डाइरेक्शन ईश्यू नहीं की जायेगी जिस से कि अंग्रेजी के ऊपर कोई पाबन्दी लगे। यह एक चीज है। दूसरी चीज जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि इस बिल के अन्दर अंग्रेजी रख दिया। एक तो यह है कि सभी चीजों के लिए अंग्रेजी रख दिया। कुछ स्पेसिफिक परपज होना चाहिए। वह स्पेसिफिक परपज इन्होंने बताया नहीं। इन्होंने कहा कि सब चीजों के लिये है यह विधान के खिलाफ है।

MR. DEPUTY-SPEAKER : His point of order is concerning the resolution and not the Bill.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : I am finishing in two minutes.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Let him clinch the issue and finish.

श्री कंवर लाल गुप्त : दूसरी चीज, अध्यक्ष महोदय, इस बिल में यह साफ तौर से कहा गया है—अंग्रेजी अगर लायी जाये कुछ कामों के लिये तो विधान के अनुसार होगा—लेकिन इस में हिन्दी के लिये पाबन्दी लगाई गई है जो 1965 के बाद इस विधान के मुताबिक हिन्दी पर किसी तरह की कोई पाबन्दी नहीं लग सकती और पाबन्दी इस में लगाई गई है एक राष्ट्रपति के ऊपर और दूसरी पाबन्दी लगाई गई है कि हिन्दी में अगर कोई आदमी पत्र लिखेगा तो उसका अंग्रेजी में ट्रांसलेशन देगा । अध्यक्ष महोदय, 1965 के बाद अगर कोई आदमी हिन्दी में पत्र-व्यवहार करे यूनियन के किसी दफ्तर के साथ तो उसके ऊपर कोई पाबन्दी लगाना कांस्टीट्यूशन की धारा के खिलाफ होगा और इस के अन्दर यह स्पष्ट लिखा है कि 1965 के बाद भी जो उस को अंग्रेजी का ट्रांसलेशन देना पड़ेगा । तो अंग्रेजी में कोई पत्र लिखे उस पर पाबन्दी नहीं होनी चाहिये यह तो मैं मान सकता हूं, इस में हो सकता है । लेकिन जो हिन्दी में लिखेगा, उस पर अंग्रेजी में भी देने की पाबन्दी होगी, यह संविधान के खिलाफ़ है ।.....

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have followed his point of order.

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak) : This very point was argued that day. This is repetition.

श्री कंवरलाल गुप्त : दूसरी चीज, अध्यक्ष महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रस्ताव में जो यह कहा गया है कि रेक्रूटमेन्ट के लिये, यूनियन सर्विस के लिये हिन्दी जरूरी नहीं होगी, अंग्रेजी जरूरी होगी—यह भी विधान की स्प्रिट के खिलाफ़ बात है—हिन्दी पर किसी भी प्रकार की पाबन्दी लगाना, विधान के खिलाफ़ होगा । इसलिये, अध्यक्ष महोदय, यह प्रस्ताव और यह बिल दोनों मेरे ख्याल से संविधान के खिलाफ़ हैं ।

श्री नाथ पाई (राजापुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान आकर्षित करता हूं कि कौन से सवालों पर आज हम चर्चा कर रहे हैं । यदि हम यह समझने की कोशिश करें तो हम देखेंगे कि जो सवाल माननीय शास्त्री जी ने उठाया है—उस पर तो आपने अभी कोई निर्णय नहीं दिया । श्री कंवर लाल जी ने जो सवाल उठाया है, मैं उसके महत्व को जानता हूं, मगर जब तक एक सवाल का फैसला नहीं हो जाता, आप उस पर अपना फैसला नहीं दे देते, तब तक दूसरा सवाल नहीं उठाया जा सकता—मेरा अनुरोध है कि आप उस को अपने ध्यान में रखने की कोशिश कीजिये ।

अब जहां तक इस सवाल का सम्बन्ध है जोकि शास्त्री जी ने उठाया है—मैं बड़ी नम्रता से कहना चाहता हूं कि मैं न उस का समर्थन करना चाहता हूं और न विरोध करना चाहता हूं, परन्तु थोड़ा-कुछ प्रकाश डालना चाहता हूं । मैं उसके गुण व दोषों की चर्चा करना चाहता हूं

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बलरामपुर) : प्रकाश तो वे स्वयं हैं।

श्री नाथ पाई : मगर फिर भी कुछ अन्धेरा है ।

श्री कंवरलाल गुप्त : कुछ अन्धेरा आप को दिखता है ।

श्री नाथ पाई : हां, इसीलिए इस पर रोशनी डालना चाहता हूं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : When a point of order has been raised, he can either support it, sponsor it or oppose it. There is no neutral position which can be adopted so far as procedure is concerned.

SHRI CHANDRA JEET YADAV (Azamgarh) : It will help the chair.

श्री नाथ पाई : उपाध्यक्ष महोदय, उन्होंने जो बात आपके सामने रखी है, उस पर जैसा मेरे अन्य साथियों नें कहा है, मुझे भी कुछ मोह हो रहा है कि वे भी उस पर अपने विचार प्रस्तुत करूं, मगर मैं इस मोह को टालना चाहता हूं । अब जहां तक हिन्दी का सवाल है, हमारी राय जाहिर है—इस देश में रानी की हैसियत पर सिर्फ हिन्दी रहेगी, दूसरी भाषाएं नहीं रहेंगी । अंग्रेजी रहेगी तो दासी के रूप में रहेगी, रानी के रूप में नहीं रहेगी और यह फैसला तो हो चुका है । मैं यह जानता हूं कि कई लोग रानी से दासी को ज्यादा पसन्द करते हैं· · · · · ·

श्री रामसेवक यादव : समाजवाद में दासी नहीं होती है ।

श्री नाथ पाई : हमारी पसन्दी की मोहर हमारे स्वाधीनता संग्राम के काल में ही लग गई थी । हिन्दी का आज का जो हमारे जीवन में स्थान है, वह कानून के द्वारा नहीं बनाया गया है, हमारे लोगों के प्रेम और मोहब्बत के द्वारा बनाया गया है और वह नहीं भुलाया जा सकता है ।

SHRI N. SREEKANTAN NAIR (Quilon) : What do you prefer ?

श्री नाथ पाई : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि हिन्दी के साथ इस देश में हमारी जो अन्य भाषाएं हैं, जिनको प्रादेशिक भाषायें कहा जाता है, मगर जो प्रादेशिक नहीं राष्ट्रीय भाषायें हैं, ये भाषायें और हिन्दी—ये रानी के पद पर रहेंगी, अंग्रेजी रहेगी तो नौकरानी के रूप में, इन भाषाओं की सेवा और खिदमत के लिये रहेगी । मुझे आशा है कि अब तो आप इससे सहमत हो जायेंगे ।

SHRI N. SREEKANTAN NAIR : Not all India. We do not accept it.

श्री नाथ पाई : अभी शास्त्री जी ने जो बात उठाई है—चूंकि कोई गलतफहमी न हो जाय, इस लिये मैंने इस बात का जिक्र किया—उन्होंने "शल रिमेन" की तरफ़ ध्यान खींचा है । मैं बड़ी नम्रता से उनसे अर्ज करना चाहता हूं कि "शल रिमेन" हिन्दी के हक में है । अंग्रेज के "शल" का अर्थ आज्ञा है, जिस का उलंघन नहीं किया जा सकता है, यह आज्ञा है, शिरोधार्य है, बाध्य है, उसे कोई तोड़ नहीं सकता है, सदा के लिये रहेगी—यह इसका अर्थ है ।
अंग्रेजी के "शल" में जितनी सामर्थ्य है, वे कृपया इस को समझें—इस का अर्थ है, कि यह हमेशा के लिये रहेगी । मगर यह ठीक है कि हिन्दी में जो उस का अनुवाद "होगी" किया गया है, उस में उतनी ताकत नहीं है, इस लिये मेरा सुझाव है कि हिन्दी में "सदा के लिये रहेगी" होना चाहिये । मैं आप जैसा पंडित तो नहीं हूं, परन्तु मैं ऐसा अनुभव करता हूं कि हिन्दी में इस का अनुवाद "सदा के लिये रहेगी" होना चाहिये· · · · · · · ·

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : "सदा के लिये रहेगी" हो तो मैं उस को स्वीकार करता हूं ।

श्री नाथ पाई : यदि हम इस चीज को मान लें, तो इस व्यवस्था के सवाल पर आप कुछ निर्णय ले सकते हैं । उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे विचार प्रकट करने के लिये मौका दिया ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : A point of order was originally raised by Shri Prakash Vir Shastri. That is in my mind, it has not been disposed of, but some members were on their legs already when we adjourned.

Shri Nath Pai has tried to interpret "shall". I will keep that in mind, but I may submit to the House that ultimately, whether it is right or wrong I am stating a fact, the Constitution of this land is in English, and we will have to interpret it as it is in English. Unfortunately it is so, but it is there. I have to interpret that Constitution which is accepted by the Constituent Assembly and finally accepted by the people.

I have followed what Mr. Nath Pai has tried to explain in very lucid Hindi.

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli) : My point of order is that these two things cannot be discussed together. There is the Bill and there is a resolution. The Bill has got its amendments, and the Bill has to be discussed as per the procedure laid down by the Speaker under rule 75, which says :

> (1) On the day on which any motion referred to in rule 74 is made.. the principle of the Bill and its provisions may be discussed generally, but the details of the Bill shall not be discussed further than is necessary to explain its principles.
>
> (2) At this stage no amendments to the Bill may be moved."

With regard to the resolution, the procedure is quite different. It is governed by rule 173. On the question whether this resolution is in order, constitutional or unconstitutional, I am prepared to agree with my Hindi propagandists.... (*Interruptions*). —they are propagandists—that this resolution is out of order. My point is that this resolution is out of order not only because of the objection raised by Shri Prakash Vir Shastri, because rule 173 says :

> "In order that a resolution may be admissible, it shall satisfy the following conditions, namely :—
>
> (i) it shall be clearly and precisely expressed;
>
> (ii) it shall raise substantially one definite issue;
>
> (iii) it shall not contain arguments, inferences...."

But this resolution contains four parts. The first part speaks about the propagation of Hindi, the second part about the development of the 14 languages, the third part about the three language formula and the fourth part about examinations to be held by UPSC. These are four different subjects and there are arguments also in the resolution. For instance, in the first part, the argument is this :

> "WHEREAS under article 343 of the Constitution Hindi shall be the official language of the Unionand under article 351 thereof it is the duty of the Union.".

"The House, therefore, resolves." It first gives the argument and then gives the resolution. It goes on repeating in all the four items. Therefore, even under rule 173 the resolution is not admissible. Granting that, for argument's sake, you are pleased to admit the resolution, even then it cannot be discussed along with the Bill, because rule 177 says clearly that after a resolution has been moved, any Member may, "subject to the rules relating to resolutions, move an amendment to the resolution." There are amendments to the resolution. Any number of amendments are there. There are amendments to the Bill. And there are motions to refer the Bill to a Select Committee. So many things are there.

Now, what happens ? If you allow the Bill to be moved today—as it is being moved—and when the amendments are there, and along with it, the resolution is also moved for which also there are many amendments, what are we to discuss and how can we discuss both ? Under rule 75, the preliminary discussion of a Bill can only be on general terms and not beyond that. Now, if the resolution is also discussed along with the Bill, the resolution is such a big one comprising so many facts—those who discuss the Bill will refer to this point also which is against rule 75. Therefore, these two things cannot go together. I do not find anywhere whether this was the practice. I searched and searched and found nothing to substantiate this procedure, that the Bill and the resolution could go together. I can only request you to see that the Bill be discussed first and the resolution be discussed next; if the resolution is admissible, it may be taken up. If it is not admissible, you can amend or change or do whatever you can. I am not going into the merit of the question at issue, the language question. Though my friends have done it, I am not going into that. I shall reserve my right to discuss it when the question comes up.

Therefore, I say that these two things cannot be discussed together. Kindly dislodge the resolution from the Bill and let the Bill be taken up and discussed as it is introduced. That is my humble submission.

श्री शिव नारायण (बस्ती) : उपाध्यक्ष महोदय, जब हाउस लंच के लिए उठ रहा था तो मैं खड़ा हो रहा था इसलिए मेरी बात आप सुन लिजीये ।

[श्री शिव नारायण]

केवल एक लफ्ज का झगड़ा है। कांस्टीट्यूशन में 26 जनवरी सन् 1950 को लिखा गया :

"The official language of the Union shall be Hindi in Devanagari script."

मानें कि हमेशा रहेगी, शाश्वत तक रहेगी लेकिन यह जो शब्द "होगी" है इस से संदेह उत्पन्न होता है और मैं होम मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि यह शब्द "होगी" एक संदेहात्मक शब्द है और उस से एक संशय पैदा होता है। मुझे अफसोस के साथ यह कहना पड़ता है कि आप के महकमे में आप के डिपार्टमेंट के लोगों में कितनी बड़ी काबिलियत है कि यह शब्द "होगी" रख कर सब को धोखे और डार्कनैस में रखना चाहते हैं। यह शब्द "होगी" ग़लत है, संदेहात्मक है और होगी के बजाय शब्द "रहेगा, रहेगी" रखना चाहिये जो कि शाश्वत शब्द हैं। मैं श्री प्रकाशवीर शास्त्री का समर्थन करता हूं और साथ ही सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि उन का ट्रान्सलेशन डिपार्टमैंट कितना निकमा है और इस तरह का "होगी" शब्द रख कर वह सब को धोखा देते हैं और लोगों को डार्कनैस में रखते हैं इसलिये मैं श्री प्रकाशवीर शास्त्री का समर्थन करता हूं कि यह शब्द "होगी" को वह वापस ले लें और शब्द "रही है और रहेगी" रक्खा जाये।

SHRI AMIYANATH BOSE (Arambagh) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, under rule 173 of the Rules of Procedure, it is stated that for a resolution to be admissible, one of the conditions to be fulfilled is that "it shall be clearly and precisely expressed." If you come to the operative part of the resolution, you will find that this is how it reads. I am reading clause 4(a) of the resolution :

> "that compulsory knowledge of Hindi shall not be required at the stage of selection of candidates for recruitment to the Union services or posts...."

Up to this, it is clear and it is precisely expressed. Let me proceed further.

> "excepting any special services/posts for which a high standard of Hindi knowledge may be considered essential"—by whom ?—"for the satisfactory performance of the duties of the service or post."

I submit that in the way it has been framed, it is so ambiguous. Firstly, there is no definition anywhere in the resolution as to what "special services" or "special posts" are. There is no definition as to who should be satisfied that special knowledge of Hindi is required for a particular service or post. Therefore, this is not an admissible resolution.

SHRI FRANK ANTHONY (Nominated—Anglo-Indians) : So far as the consideration stage—general discussion—is concerned it may be permissible to join the discussion of the resolution with the amending Bill. But I am quite clear very respectfully in my own mind that there is no possible way of joining the discussion on the amendments of the resolution with the discussion on the amendments to the Bill. You will have to separate the two.

एक माननीय सदस्य : इन की राय की कोई क़ीमत नहीं है.....

MR. DEPUTY-SPEAKER : You are not following what he says.

SHRI FRANK ANTHONY : That is the trouble.

एक माननीय सदस्य : उन को ही पता नहीं है कि वह क्या कह रहे हैं।

SHRI FRANK ANTHONY : So far as the resolution is concerned, one particular part of it to my mind is *ex-facie* unconstitutional, *i.e.*, the part dealing with the proposal to implement the three language formula. I will read it :

> "Whereas it is necessary for promoting the sense of unity and facilitating communication between people in different parts of the country that effective steps should be taken for implementing fully in all States the three-language formula ...." etc.

Secondary and higher secondary education is a State subject. You cannot purport to arrogate to yourself the power to tell any State whether it should have a two or three-language formula *ex-facie* it is beyond the jurisdiction of this House to come to any purported decision on the three-

language formula with regard to secondary and higher secondary stage. That part of the resolution would be *ex-facie* untenable and outside the jurisdiction of the House.

SHRI NATH PAI : How many points of order are we considering, Sir ? There is first Mr. Prakash Vir Shastri's point of order which is undisposed of. Then there is Mr. K. L. Gupta's point of order.

MR. DEPUTY-SPEAKER : What I suggest is, first let us dispose of Mr. Shastri's and Mr. Gupta's points of order, because they are more or less similar.

यह कहा गया है कि इस विधेयक में एक राज्य तक को वीटो का अधिकार दिया गया है और कहा गया है कि वह चाहे तो हिन्दी को देश की राज भाषा बनने से रोक सकता है। अलग अलग इसके बारे में सुझाव दिए जाते हैं। कोई कहता है कि बहुमत के अहिन्दी राज्य, कोई कहता है कि दो तिहाई अहिन्दी राज्यों में से राज्य अगर हिन्दी को अपना लें तो फिर सारे राज्यों पर हिन्दी लागू कर दी जाए। मैं इस तरह के जो संशोधन हैं इनकी भावना का आदर करता हूं। लेकिन श्रीमन्, हम यथार्थवादी दृष्टिकोण से देखें तो हम पाएंगे कि अगर कुछ समय बाद देश के अधिकांश राज्य हिन्दी राज्य और अहिन्दी राज्य भी, हिन्दी को अपना लेते हैं तो क्या उस हालत में चाहे वह नागालैंड हो और चाहे मद्रास हो इस स्थिति में रह सकेगा कि वह हिन्दी को मानने से इन्कार करे ? कदापि नहीं रह सकेगा। उनको देश में प्रवाहित हो रही धारा के साथ चलना पड़ेगा और उनको भी हिन्दी माननी पड़ेगी। लेकिन आज अगर हम यह कहते हैं कि सब राज्यों के बजाय दो तिहाई या एक तिहाई राज्य भी जो आज हिन्दी का विरोध करते हैं, वे कल को विरोध करना बन्द कर दें तो हिन्दी को लागू कर दिया जाए तो इसका मतलब यह होगा कि उनके विरोध को हम और अधिक दृढ़ बनाते हैं, उनको और अधिक अपने से दूर हम फैंकते हैं। इसलिए यदि हम चाहते हैं कि जल्दी से जल्दी अधिक से अधिक राज्य हिन्दी को अपना लें तो यह दृष्टिकोण हमारा सही है कि अपनी तरफ से हम कहें कि जब तक सारे के सारे अहिन्दी राज्य हिन्दी को नहीं अपना लेंगे तब तक अंग्रेजी भी हिन्दी के साथ साथ चलेगी। इसलिए मैं कहता हूं कि यह वीटो का अधिकार नहीं है। यह एक व्यावहारिक पक्ष है।

यदि हम इसको मानते हैं कि हिन्दी को अंग्रेजी का स्थान लेना है और अंग्रेजी को शनैः शनैः हटना है तो कुछ इस प्रकार की धारायें इस विधेयक में और इस प्रस्ताव में हैं कि जो इस समझौते के आधार के अनुरूप नहीं हैं, जो इस समझौते के आधार के प्रतिकूल हैं। जो इस त्रिभाषा फारमूले की भावना के प्रतिकूल हैं, जो दिशा आपके सामने मैंने रखी है उसके प्रतिकूल हैं। मिसाल के तौर पर यह कहा गया कि यदि केन्द्रीय विभाग का एक हिस्सा हिन्दी में पत्र लिखेगा तो साथ में अंग्रेजी का अनुवाद भी नत्थी करना पड़ेगा, तो इसका अर्थ तो यह हुआ कि आप हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित नहीं कर रहे हैं, उसको निरुत्साहित कर रहे हैं, उसके ऊपर अंग्रेजी की मुहर लगा रहे हैं। इस प्रकार आप वास्तव में जिस दिशा में हमें आना चाहिये उस दिशा में आने से रोक रहे हैं। उस दिशा की ओर अग्रसर आप नहीं हो रहे हैं। मैं चाहता हूं कि इस प्रकार के जहां-जहां बन्धन हिन्दी के प्रयोग पर लगाये गये हैं, जो जो रुकावटें हिन्दी के प्रयोग पर डाली गई हैं उन रुकावटों को आप हटायें, अविच्छिन्न रूप से हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करें ताकि जो हिन्दी में लिखना चाहें वे हिन्दी में लिख सकें और लोग मजबूर भी हों कि वे हिन्दी सीखें, हिन्दी पढ़ें। जो हिन्दी नहीं पढ़े हुए हैं उनको हिन्दी पढ़ने पर मजबूर भी तब आप कर सकते हैं।

[श्री अमृत नाहाटा]

जब तक हमारे देश की जनपदीय भाषाओं को, हमारे देश की क्षेत्रीय भाषाओं को, हमारे देश की सभी राष्ट्रीय भाषाओं को उनका पूरा तथा वांछित स्थान नहीं दिलायेंगे, उन्हें पूरी तरह से प्रोत्साहित नहीं करेंगे तब तक हम सही मानों में राष्ट्रीय एकता की समस्या को हल नहीं कर सकेंगे । मैं बधाई देना चाहता हूं शिक्षा मंत्री को जिन्होंने यह निश्चय किया है कि हमारे विश्वविद्यालयों में शिक्षा क्षेत्री भाषाओं के माध्यम से दी जाएंगी । इसके साथ साथ मैं यह भी चाहूंगा कि यू० पी० एस० सी० के बारे में जो प्रस्ताव में कहा गया है कि क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से परीक्षायें होंगी, उसके बारे में कोई निश्चित तिथि तय की जानी चाहिये । यह कह देना कि हम यू० पी० एस० सी० से सलाह करेंगे, यह करेंगे, वह करेंगे, काफी नहीं है । मैं समझता हूं कि क्षेत्रीय भाषाओं को यू० पी० एस० सी० की परीक्षाओं का माध्यम बनाने के लिए दो साल के भीतर भीतर अवधि निश्चित की जानी चाहिये और उसके बाद हमें यह कोशिश करनी चाहिये कि यू० पी० एस० सी० में सभी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षायें हो सकें । कहा जाता है कि इससे देश विच्छिन्न होगा । मेरी निश्चित मान्यता है कि एक रूपता एकता नहीं है और विविधता विच्छिन्नता नहीं है । जिस रोज हम क्षेत्रीय भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलायेंगे स्वतः ही अंग्रेजी अपने वर्तमान स्थान से गिर जाएगी और इस में कोई दो रायें नहीं हो सकती हैं कि अंग्रेजी हटने के बाद उसका एक मात्र स्थान लेने वाली भाषा जो इस देश में है वह हिन्दी है । पिछले दरवाजे से लाने की यह बात नहीं है । असल बात यह है कि अंग्रेजी इस देश की भाषा नहीं है, इस धरती में उसकी जड़ें नहीं हैं, यहां की जनता अंग्रेजी को अपनी भावनाओं के साथ एकरूप कर नहीं सकती है । इसलिए जो क्षेत्रीय भाषायें हैं, जो मातृभाषायें हैं उनको आप प्रोत्साहन दें, उनको आप यू० पी० एस० सी० परीक्षाओं का माध्यम बनायें, विश्वविद्यालयों में उनको आप शिक्षा का माध्यम बनायें । अगर आपने ऐसा किया तो अपने आप हिन्दी देश की राष्ट्र भाषा बन जाएगी । मैं चाहता हूं कि एक निश्चित अवधि इसके लिए तय कर दी जानी चाहिये, एक निश्चित तारीख तय कर दी जानी चाहिये, एक सीमा निर्धारित कर दी जानी चाहिये कि जब यू० पी० एस० सी० परीक्षाओं में क्षेत्रीय भाषाओं को परीक्षाओं का माध्यम बनाया जाएगा ।

असल में सारे झगड़े की जड़ क्या है ? यहां कहा गया है कि हिन्दी अनिवार्य नहीं होगी परीक्षाओं के लिए । यह एक अजीब बात है । हिन्दी हमारे देश की राज भाषा है और हम कहते हैं कि हिन्दी अनिवार्य नहीं होगी परीक्षाओं के लिए । यह बात किसी को मान्य नहीं हो सकती । अगर हिन्दी अनिवार्य नहीं होगी अहिन्दी भाषा भाषी लोगों के लिए तो हिन्दी भाषा भाषी लोगों के लिए अंग्रेजी भी अनिवार्य नहीं हो सकती है । लेकिन यह झगड़ा होता क्यों है ? इसलिए होता है कि डर है दक्षिण भारत के लोगों को कि फिर उत्तर भारत वाले, जिन की हिन्दी मातृभाषा है, वे लोग सेवाओं में अधिक चले जायेंगे । आज हकीकत यह है कि क्योंकि सब से पहले अंग्रेजी भाषा को दक्षिण वालों ने अपनाया और क्योंकि अंग्रेजी भाषा को उन्होंने अपने गले का हार बनाया, इस वास्ते आज अंग्रेजी भाषा के बल पर ही वे आगे बढ़ गए हैं और केन्द्रीय सेवाओं में उनका आज बहुमत है, उनका आज प्रभुत्व है, उन पर वे छाए हुए हैं । जो दक्षिण भारत के लोगों को डर है कि हिन्दी आएगी तो उत्तर भारत वाले नौकरियों में छा जायेंगे और उत्तर भारत वाले सोचते हैं कि अंग्रेजी रहेगी तो दक्षिण भारत वाले छा जायेंगे तो इस डर को दूर करने के लिए इसका एक मात्र हल यह है कि चूंकि प्रतिभा का ठेका, प्रतिभा की बपौती, प्रतिभा की इजारेदारी किसी एक प्रान्त वालों की नहीं है, सभी प्रान्तों में लोग हैं जो प्रतिभाशाली हैं और उन्हें

अवसर मिलना चाहिये, इस वास्ते हर प्रान्त की जनसंख्या के अनुपात में सेवाओं में उन प्रान्तों के लोगों के लिए स्थान निश्चित कर दिये जायें, उन का कोटा निर्धारित कर दिया जाए। जिस दिन आपने ऐसा कर दिया, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भाषा की बहुत सी गलतफहमी, बहुत से झगड़े खत्म हो जायेंगे और हम देखेंगे कि हर राज्य अपनी-अपनी भाषा में आगे बढ़ेगा और हिन्दी सभी राज्यों को मान्य हो जाएगी।

इन सब बातों को दृष्टि में रखते हुए हमें यह दिशा निर्धारित कर लेनी चाहिये और इस दिशा की ओर हमें तेजी से बढ़ना चाहिए। त्रिभाषा फार्मुले को बहुत दृढ़ता के साथ लागू करते हुए हिन्दी को बहुत तेजी से बढ़ाते हुए हिन्दी के रास्ते में आने वाली रुकावटों को हटाते हुए, शनैः शनैः हम एक ऐसा वातावरण बनायें, एक ऐसा जल वायु देश में निर्मित करें कि जो हमारे सारे संशय हैं, सारे मतभेद हैं, सारी गलतफहमियां हैं, वे मिट सकें। भावनाओं से ऊपर उठ कर और बहुत ही ठंडे दिमाग से, बहुत संजीदगी और संयम के साथ हम इन तमाम प्रश्नों पर विचार करें तो मुझे विश्वास है कि हम हिन्दी की बहुत बड़ी सेवा करेंगे और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाएंगे।

श्रीमती लक्ष्मीबाई (मेडक) : उपाध्यक्ष महोदय, समय मुकर्रर कर दीजिये ताकि हमें भी बोलने का अवसर मिल सके।

उपाध्यक्ष महोदय : सब को मौका मिलेगा।

श्री जगन्नाथ राव जोशी (भोपाल) : बीस साल के बाद इस दिन में यह एक ऐसा विधेयक उपस्थित हुआ है जो मैं देश के लिए बड़ा भारी दुर्भाग्य समझता हूं। मेरी मातृभाषा कन्नड़ है, पढ़ाई मराठी में हुई है और बोलता मैं हिन्दी हूं। जिन्होंने संविधान बनाया उनके सामने भी एक कल्पना थी और इसलिए उन्होंने समय को बांधा था कि पंद्रह साल के अन्दर हम एक ऐसा कार्यक्रम बनाएं ताकि देश में 26 जनवरी 1965 के पश्चात हिन्दी राज भाषा बन जाए। किन्तु आज पंद्रह साल के बाद फिर दुबारा यह विधेयक पेश किया गया है। इसके पहले भी एक बार इस विषय में एक कानून बना था लेकिन उस में भी कोई अवधि नहीं रखी गई थी। 1963 में जो एक संशोधन आया था, उस में भी अवधि का कोई उल्लेख नहीं था, हालांकि संविधान में पंद्रह साल की जो व्यवस्था की गई थी, उस का कोई एक अर्थ था।

स्वराज्य के कुछ तकाजे होते हैं। स्वराज्य के पश्चात् माउंटबेटन केवल एक साल के लिए हमारा गवर्नर जेनरल रहा। लेकिन यदि कोई यह तुलना करे कि स्वर्गीय डा० राजेन्द्र प्रसाद और चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य और माउंटबेटन में कौन अच्छा है और कौन बुरा है, तो यह सवाल खड़ा नहीं होता है। स्वराज्य का यह तकाजा है कि देश का राष्ट्रपति इसी देश का होना चाहिए। सवाल अच्छे बुरे का नहीं है। माउंटबेटन बहुत अच्छा है, लेकिन वह इंग्लैण्ड में किसी पद पर रह सकता है।

वैसे ही हमारी सेना का प्रमुख आज सर क्लाड आचिन्लेक नहीं रह सकता है। यह सवाल तो खड़ा ही नहीं होता है कि जेनरल चौधरी, जेनरल करिआप्पा और सर कलाड आचिन्लेक में से गुणवत्ता किस में ज्यादा है। यह स्वाराज्य का तकाजा है कि अब इस देश का सेनापति कोई जेनरल करिआप्पा या जेनरल चौधरी या जेनरल थोरट हो। इस के लिए कोई पर्याय नहीं होता है।

वैसे ही यह स्वराज्य का तकाजा है कि देश का व्यवहार स्वभाषा में हो। इस के लिए कोई पर्याय नहीं होता है। अब हिन्दी कोई बड़ी विकसित, बड़ी समृद्ध और साहित्यिक दृष्टि से मौलिक भाषा है, इस कारण वह स्वभाषा के रूप में स्वीकृत नहीं हुई। सब का मूल स्रोत संस्कृत होने के नाते काश्मीरी से ले कर मलयालम तक हर भारतीय भाषा उतनी ही समृद्ध हो सकती है और है। हिन्दी

[श्री जगन्नाथ राव जोशी]

को इसलिए स्वीकार किया गया कि अपने इस देश में ज्यादा से ज्यादा लोग हिन्दी भाषा को समझते हैं। मुझे अनुभव है कि 1930-31 के दिनों में जब मैं स्वयं प्रभात-फेरी में जाया करता था, तो कन्नड़-भाषी होने पर भी हम लोग ये हिन्दी गीत गाते थे, "विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा" और चरखा चला-चला कर लेंगे, स्वराज्य लेंगे। उस समय हमारे मन में यह भाव पैदा नहीं हुआ कि कन्नड़ भाषी होते हुए हम हिन्दी का गीत क्यों गायें। हम को लगता था कि टूटी-फूटी ही क्यों न हो, हिन्दी बोलना ही देश-भक्ति है। वह कपड़ा चाहे कितना भी मोटा या घटिया क्यों न हो, खद्दर पहनना देश भक्ति है; देश के बारे में गीत गाना देशभक्ति है। बचपन में, पाठशाला में पढ़ते समय भी, हमारा यह जो भाव था मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि आजादी आने के पश्चात् इन बीस सालों में हम लोगों ने इस के सम्बन्ध में जो कुछ किया, आज का यह विधेयक उस में हमारी असफलता का परिचायक है।

क्या इन बीस सालों में हम हिन्दी को प्रचलित करने और लोकप्रिय बनाने का जिम्मा केवल चलचित्र-पट पर नहीं छोड़ बैठे? अर्थात् देश भर में हिन्दी के चलचित्र, फ़िल्म्ज़ बनें और उन को देख कर लोग हिन्दी सीखें? क्या इस के आगे जाने की हमने कोशिश की? खैर कमीशन की रिपोर्ट में कुछ अच्छे सुझाव दिये गये थे जैसे तंत्रकी और शासकीय पारिभाषिक शब्दावली एक हो, हम ने उन पर अमल नहीं किया। आप मुझे क्षमा करेंगे, मुझे ऐसा लगता है कि अगर हमारे दिल में, मन में, हृदय में अपने देश के बारे में एक उत्कट भावना नहीं होगी, तो वह प्रत्यक्षतः प्रकट व्यवहार में नहीं आ सकती है। जब हम सोचते हैं कि हमारे बच्चे इंग्लैंड में जा कर पढ़ें, तो कहना पड़ता है कि विद्या का मतलब हमारी समझ में नहीं आया।

भारतीय विचारधारा के अनुसार "सा विद्या या विमुक्तये"। मुक्ति इस देश का ध्येय है। किसी का बंधन, किसी की दासता, यह विद्या वाले का लक्षण नहीं हो सकता है। विद्यावान् वही है, जो इस से मुक्त है। मैं कहना चाहता हूं कि जितेन्द्रिय होना इस देश का ध्येय है। रसना और वासना तक का भी जो गुलाम नहीं बनना चाहता, रसना और वासना को भी काबू में रख कर जो मुक्ति पाना चाहता है, वह अंग्रेजी की दासता और गुलामी सहन करे, यह नहीं हो सकता है। अंग्रेजी अच्छी है या बुरी, यह सवाल नहीं है। इस में तुलना की बात आती ही नहीं है। सवाल यह है कि क्या हमारे देश में कोई भाषा है या नहीं।

हमारी हर भाषा को समृद्ध करने वाला संस्कृत का बड़ा विशाल महासागर देश हमारे में है। इसके बल-बूते पर हम हजारों वर्षों से हिन्दुस्तान में एक सुसंस्कृत दर्शन दे कर जीवन का आदर्श खड़ा कर के रहते आये हैं। हमारे कई कांग्रेसी मित्रों ने देश की एकता की बात कही। मैं उस का स्वागत करता हूं। देश बहुत बड़ा है, किन्तु इस देश में भाषायें भी कई चलती हैं, इस देश में कई जातियां हैं, इस देश में कई पन्थ हैं। इतना होने के बाद भी एक हजार साल पहले केरल में कालड़ी में पैदा हुए आचार्य श्री शंकराचार्य को कभी यह नहीं लगा कि पूरे देश भर में स्थान-स्थान पर मठों की स्थापना करने में दिक्कतें या अड़चनें आयेंगी। वे नहीं आईं। इन को यह नहीं लगा कि मैं यहां से वहां कैसे जाऊं, वहां से यहां कैसे जाऊं।

मुझे आप क्षमा करें, बार-बार दक्षिण वालों को दोष दिया जाता है, लेकिन दक्षिण वालों की बदनामी क्यों की जाती है, यह मेरी समझ में नहीं आता। दक्षिण वाले अंग्रेजी के पक्ष में हैं, ऐसा मुझे नहीं लगता है। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने भी मद्रास में राजभाषा के रूप में तमिल को ही स्वीकार किया है, शिक्षा के माध्यम के रूप में तमिल को ही स्वी-

कार किया। बंगाल में भी वहां के लोगों ने अपनी उन्नत, विकसित और समृद्ध भाषा बंगला को ही राजभाषा और शिक्षा के माध्यम के रूप में स्वीकार किया है, अंग्रेजी को नहीं। इसी प्रकार अन्य प्रदेशों में भी राजभाषा के और विद्या के माध्यम के रूप में कन्नड़, तेलगू, उड़िया और मलयालम आदि को ही स्वीकार किया गया है। अपने देश में हर एक भाषा समृद्ध है। इस लिए मैं दक्षिण वालों को दोष देने के लिए तैयार नहीं हूं। आखिर मैं भी तो दक्षिण से आता हूं।

किन्तु सवाल यह है कि भाषा भाव को प्रकट करती है। कोई भाषा भाव को प्रकट करने की क्षमता रखती है या नहीं, यह सवाल है। भाषा क्या प्रकट करता है? आत्मा को प्रकट करती है, इस को भूलना नहीं चाहिए। जैसे, यदि हमें अंग्रेजी का प्रयोग करना हो, तो हम कहते हैं, "ही इज डेड"। किन्तु अपनी भाषा में हम कहेंगे, "उस का देहान्त हुआ" क्योंकि अपने विचार के अनुसार आत्मा अमर है, आत्मा मरती नही है। ही इज नेवर डेड, आई एम नेवर डेड,—देहान्त होता है, देह जाता है : भाषा आत्मा को प्रकट करती है। ज्यों-ज्यों हम दूसरी भाषा को स्वीकार करते हैं, त्यों-त्यों हम अपनी संस्कृति से दूर चले जाते हैं। जैसे, अंग्रेजी का प्रयोग करते करते हम कहने लगे हैं, "बोन्ज फ़ार दि लेट-कमर्ज," यानी जो देरी से आयेगा, उस को मांस नहीं, हड्डी मिलेंगी। यह यहां का रिवाज नहीं है। हमारे यहां कहते हैं, "अतिथिदेवो भव" इसी लिए भगवान् श्री कृष्ण ने रात के बारह बजे द्रौपदी से कहा कि मुझे भूख लगी है, मुझे खाने को दो। हमारे यहां कोई जब भी आयेगा, तो उस को भोजन मिलेगा। अगर देरी से आयेगा, तो दूसरी पंक्ति में भोजन मिलेगा अगर उस से भी देरी से आयेगा, तो तीसरी पंक्ति में भोजन मिलेगा। हमारे यहां बोन्ज फ़ार दि लेट-कमर्ज नहीं है। अपनी आत्मा को जो भाषा प्रकट नहीं कर पाती है, उस को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। भाषा आत्मा को प्रकट करती है। उस में रुकावट नहीं आनी चाहिए। इस लिए भारत की कोई भी भाषा क्यों न हो, आसेतु हिमाचल, वह भारत की आत्मा को प्रकट करती है। श्री चव्हाण ने जो प्रस्ताव रखा है, उस में "काम्पोजिट कल्चर" का जिक्र किया गया है। भारत में जो विविधता है, अकारण ही उसके बारे में यह भ्रम हो गया है कि वह एक "काम्पोजिट कल्चर" है। हर देश के लिए एक संस्कृति होती है। कोई पूछे कि यह राष्ट्र है कैसे? हमारे और आप के बीच में कौन सा सम्बन्ध है? क्या समान्नता है? वह है हमारी राष्ट्रीयता। वह सिद्ध करती है हमारी संस्कृत। हमारे राजदूतों के लड़के मास्को में पैदा हों या वाशिंगटन में उन की संस्कृति रूसी या अमेरिकी नहीं बनती। वह भारतीय रहती है। क्यों रहती है? मां बाप का जीवन दर्शन ले कर यदि लड़का आये तभी हम कहते हैं कि वह भारतीय है। तभी हम कहते हैं कि वह हिन्दुस्तान का है। वह तो इस संस्कृति के साथ जुड़ा हुआ है। परन्तु यह संस्कृति विविधता में विश्वास रखती है। Unity should never be misunderstood for uniformity सब को एक सांचे में ढालने का यहां का काम नहीं है। हजारों पंखुड़ियों वाला कमल जो होता है उस की हर पंखुड़ी से खुशबू निकलती है। पंखुड़ियां हजार हों लेकिन खुशबू एक निकलती है। यहां भाषा अनेक हैं भाव एक है। पंथ अनेक हैं परमात्मा एक है। आंखें दो हैं दिखता एक है। कान दो हैं सुनाई एक देता है। हाथ दो हैं कृति एक है। पांव दो हैं गति एक है। ऊपरी दिखने वाली जो विविधता है उस के अन्दर छिपी हुई मौलिक एकता को ले कर अगर हम चलेंगे तो आसेतु हिमाचल तक देश के अन्दर एकता भरी हुई है। यह एकता कई हजार वर्षों की संस्कृति के जरिए हमारे पूर्वजों ने दी है। भगवान श्री शंकर कैलाश के ऊपर बैठे है और माता पार्वती कन्या कुमारी में तप करने बैठी हैं कि विवाह करूं तो भगवान श्री शंकर से। पार्वती परमेश्वर के नाम पर

[श्री जगन्नाथ राव जोशी]

तपस्या करती हुई बैठी है। पूरे देश की एकता की कल्पना जिन महानुभावों ने की उस के दर्शन से, उस की केवल स्मृत्ति से मस्तक विनम्र होता है। उन्होंने देश को एक रखने की कोशिश की है। भाषा जाति सम्प्रदाय रहन-सहन खान-पान यह सब कुछ अलग होने के बाद भी हम एक हैं। जब हम यह कहते हैं कि खायें क्या ? इडली खायें, डोसा खायें, बड़ा खायें, कचौड़ी खायें या रोटी खायें तो इस का कोई सवाल नहीं है। जब तक हम को यह लगता है कि मैं जो कुछ खा रहा हूं वह जीवन का यंत्र चलाने के लिए खाता हूं, अहोरात्र यह जो एक यज्ञ चल रहा है उस यज्ञ की सगिधा के रूप में खाता हूं, यह भाव जगत जब तक एक है, तब तक झगड़ा पैदा नहीं होता।

भाषा के नाम पर झगड़ा पैदा होने की कोई जरूरत नहीं थी। किन्तु दुर्दैव से 20 वर्षों में वह एकता का भाव नहीं आया। मन में जो एक प्यार था अंग्रेजी भाषा के लिए, उस प्यार के कारण, उस मोह के कारण देश भर में वह वातावरण पैदा नहीं किया गया। आज जो तर्क दिए जाते हैं, मुझको याद आता है अंग्रेजी राज के वास्ते यही तर्क दिए जाते थे। जब अंग्रेजों का शासन यहां कायम हुआ यही कहा जाता था कि अंग्रेजों ने शांति लायी वरना यहां बहुत गड़बड़ियां थीं और ऐसा कहा जाता था कि अंग्रेजों के जमाने में काशी से लकड़ी में सोना बांध कर आप काश्मीर तक घूमो या नीचे रामेश्वरम तक घूमो कोई उस को छूएगा नहीं। Not even Morarjibhai would dare touch under the Gold Control Order इतनी शांति इस देश के अन्दर उन्होंने पैदा की। कहने लगे कि अंग्रेजी राज अच्छा है और जब यहां अंग्रेजी राज को हटा कर स्वराज्य की मांग होने लगी तो यही विचार सामने आया कि :

Whether you want a good government or self-government.

स्वराज्य चाहिए या सुराज्य चाहिए ? आम भाषा चाहिए या अन्तर्राष्ट्रीय भाषा चाहिए? कोई कोई कहने लगे कि स्वराज्य चलाने की क्षमता भी है ? तो लोकमान्य तिलक जैसे नेताओं को आगे बढ़ कर जवाब देना पड़ा कि इस देश के अन्दर स्वराज्य चलाने के लिए आई० सी० एस० अफसरों की जरूरत नहीं है। देश धर्म के नाते आपत धर्म के नाते 22 साल की विधवा स्त्री झांसी की रानी हाथ में हथियार लेकर अंग्रेज से लड़ने बाहर निकल आई तो ब्रिटिश जनरल भी देखता रह गया। तो वह देहरादून के किसी मिलिटरी कालेज में पढ़ी हुई नहीं थी। स्वराज्य के लिए इसकी जरूरत नहीं होती। छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज्य प्राप्त किया, अष्ट प्रधान मंडल बनाया तो क्या उन्होंने लाक आन डेमोक्रेसी पढ़ी थी ? उस की कोई जरूरत नहीं है। तो उस समय जो तर्क दिए जाते थे कि आप स्वराज्य नहीं चला सकते क्योंकि आपके पास इतने आई० सी० एस० आफिसर नहीं हैं, आपके अंदर इतना सुधार नहीं हुआ है, इतनी शिक्षा नहीं हुई है, यह नहीं हुआ है, वह नहीं हुआ है, वही तर्क आज भी दिए जा रहे हैं। अंग्रेजी चली जायगी तो क्या होगा ? तो अंग्रेज चले गए तो क्या हुआ ? वही तर्क आज भी है। और कहीं कहीं तो यह भी बताया जाता है कि जब तक हिन्दी विकसित नहीं होगी तब तक उस को स्वीकार नहीं किया जायगा। एक बड़े महानुभाव ने कहा था, मैं उन का नाम नहीं लूंगा, जब कि पहले पहले विधवा विवाह लोग करने लगे तो उन्होंने कहा कि मैं भी इसके खिलाफ नहीं हूं लेकिन जब तक वह प्रचलित हो कर लोकप्रिय नहीं होता तब तक किसी को नहीं करना चाहिए। तो आज हम यदि यह समझें कि हिन्दी को तब तक स्वीकार नहीं करना चाहिए जब तक वह समृद्ध नहीं हो जाती, जब तक विकसित नहीं हो जाती, तो यह भी वैसी ही बात है। जब उस का उपयोग होने लगेगा जैसे कि आज यह बहस आई कि शैल का मतलब हिन्दी में क्या होता है ? 'होगी'

होता है 'रहेगी' होता है ? क्या होता है ?

Every word has got a connotation and a denotation; it denotes something, it connotes something.

उस का आन्तरिक भी एक विचार रहता है, एक बाहर का भी विचार रहता है । भाषा जैसे जैसे व्यवहार में आती जाती है वैसे वैसे शब्द का अर्थ निश्चित होता जाता है । उसी दृष्टि से शब्द का प्रयोग होने लगता है । तब जा कर उसी शब्द को लेकर हर एक चलता है । इसीलिए जब भाषा प्रयोग में ही नहीं आयेगी और जब बिलकुल विकसित और समृद्ध हो जायगी तब उसका विचार करेंगे, यह अगर तर्क है तो यह तो बिलकुल वैसा ही है जैसे किनारे पर बैठ कर यह सोचना कि जब तैरना आ जायगा तभी मैं पानी में पैर रखूंगा। आप हिन्दी को स्वीकार करें देशभक्ति के भाव से ।

कोई भी चीज जब हम स्वीकार करते हैं तो उसके पीछे प्रेरणाएं होती हैं । एक प्रेरणा होती है धर्म की, कर्त्तव्य की । दूसरी प्रेरणायें हैं अर्थ और काम की । यानी अर्थ और काम के लिए भी आदमी बहुत कुछ करता है । यह भाषा कई लोगों ने अर्थ और काम के लिए सीखी है । आज चलचित्र पर आप देखेंगे तो कई हमारी दक्षिण की जो अभिनेत्रियां हैं वह हिन्दी में काम करती हैं, हिन्दी में अग्रसरत्व उन्होंने प्राप्त किया । जब उन को पता चला कि तमिल तेलुगू और कन्नड़ में काम करने से बड़ा मार्केट नहीं मिलेगा तो संगम जैसे चित्रपट में काम करने वाली नायिका ने हिन्दी में काम किया और वह दक्षिण की ही हैं । तो लोग भाषा को सीखते तो हैं, भाषा को पसंद भी करते हैं किन्तु प्रेरणा अर्थ और काम की रहती है । इसलिए कभी कभी कहा जाता है कि

If you want to learn a new thing, either you live alive or you marry a wife.

पुराने जमाने में योरप का इतिहास हम देखें तो ऐसे ही होता था । इंगलैंड और जर्मनी का भी जो संबंध रहता था तो क्या होता था ? जर्मनी से जो आते थे राजा वह क्या अंग्रेजी पढ़ कर आते थे ? यानी आपस में शादी चलती थी । अपने देश में भी चलती थी । अपने देश के राजा महाराजाओं का इतिहास आप देखें तो वहां भी आप को पता चलेगा कि शादी के बाद पत्नी की भाषा पति को या पति की भाषा पत्नी को सीखनी पड़ी है । सीखते थे । क्यों ? प्रेम । इसके कारण लोग बहुत बार भाषा सीखते हैं । मैं एक बार आन्ध्र में प्रवास कर रहा था । वहां एक साहब मिले, वह बोले कि बढ़िया घोड़ा देखोगे ? मैं ने कहा चलो । मैं देखने के लिए गया । घोड़े को सामने बुलाया यह कह कर कि बेटा सामने आओ । मुझ को बड़ा ताज्जुब हुआ कि वह कैसे हिन्दी बोलते हैं ? फिर वह घोड़ा सामने आया तो बोले बेटा मेहमान आया है सलाम करो तो उसने गर्दन झुका कर सलाम किया । तो मैंने पूछा कि चौधरी साहब, आप तेलुगू भाषी होते हुए घोड़े के साथ हिन्दी में कैसे बोलते हैं ? तो उन्होंने कहा कि मैं तीर्थयात्रा पर गया था । यह घोड़ा मुझे देखने को मिला । मुझे लगा कि यह जो बताया जाता है वह करता है इसलिए मैं ने खरीद लिया । घर आकर पता चला कि इस को केवल हिन्दी समझ में आती है तो मैं ने यह सोचा कि अब घोलुड़े को तेलुगू सिखाने के बजाय मैं स्वयं हिन्दी सीख लूं तो अच्छा है । तो घोड़े को तेलुगू सिखाने के बजाय उन्होंने स्वयं हिन्दी सीखी । यानी आदमी घोड़े को प्यार करता है तो घोड़े की भाषा सीख लेता है । यदि हम भारत मां को सही अर्थों में प्यार करें तो क्या भारत की भाषा नहीं सीखेंगे ? सवाल यह है कि हम भारत मां को पिछले 20 साल में प्यार करना धीरे धीरे भूलते जा रहे हैं । इसलिए हर मामले में विदेशी चीजें हमें प्रिय हो रही हैं । विदेशी रहन सहन, विदेशी व्यवहार और इसलिए विदेशी भाषा में भी क्या लगता है ? जब सब कुछ विदेशी से रहे हैं तो विदेशी भाषा ने ही क्या

[श्री जगन्नाथ राव जोशी]

किया है ? यह वजह है इस के पीछे । मैं कहना चाहता हूं कि हजारों हजार साल जिस देश के अन्दर एक सुसंगठित जीवन दर्शन के नाते हम लोग एक हो कर रहते आये हैं । कई हजार संक्रमणों को परास्त करते हुए, आज भी हम खड़े हैं और आगे चलकर भी हम खड़े रहना चाहते हैं । इसलिये कोई यह कहे कि दक्षिण वालों को यह नहीं आता, वह नहीं आता, मैं उस को मानने के लिये बिलकुल तैयार नहीं हूं । कोई भी भाषा हो उस का ठीक ढंग से प्रचार हो । मैं अभी केरल गया था । अर्नाकुलम, कोचीन और त्रिवेन्द्रम में हिन्दी का प्रचार बहुत अधिक है । केरल से तो हिन्दी की एक मासिक पत्रिका भी निकलती है । वास्तव में हम लोगों को उसे गौरव दे कर के प्रशस्ति देकर आगे बढ़ाना चाहिए । उस की लोकप्रियता को पूरे देश भर में बढ़ाने का काम बहुत आवश्यक है । किन्तु सब से बुरी बात तो यही होती है, विदेशी शासन के खिलाफ जब हम झगड़ा करते हैं तो इसी लिए · · · · ·

SHRI NAMBIAR : Do it by love, not by force.

SHRI JAGANNATH RAO JOSHI : That is what I am saying. I am saying the same thing.

तो देश की भक्ति सारे प्रदेश के अन्दर एकता का भाव—इन बातों को लेकर वास्तव में यह भाषा की समस्या कोई कठिन नहीं है । अंग्रेजी की दास्ता जो है, यह दास्ता सब से ज्यादा खराब होती है, यह स्वत्व के खिलाफ है । यह विदेशी आक्रमण जो आता है, विदेशी राज्य जो रहता है, उस में खराबी यही है कि वह धीरे-धीरे हमारे मन का जो भाव है वह उस भाव को खत्म कर देता है । कोई कहे—कि खत्म हो तो हो, क्या है ? लेकिन हम चाहते हैं कि हर एक का विकास हो—तो बंधन में विकास नहीं होता, विकास मुक्ति में होता है । जब मैं अपनी मातृभाषा के साथ नहीं बंध सकता, जब दूसरी भाषा रखनी पड़ती है, तो मेरा पूर्ण विकास नहीं होगा । इसलिये हर देश में स्वभाषा में व्यवहार होता है ।

अब स्वभावतः यह बात जरूर आयेगी कि हमारे देश में विभिन्न भाषायें हैं, परन्तु जैसे संस्कृत हमारी सब से पुरानी भाषा है और लिपि चाहे अलग हो, परन्तु वर्ण-माला अलग नहीं है, सब का श्रोत संस्कृत है, केवल तमिल में कुछ वर्ण कम हैं, परन्तु वहां भी क–ङ, च–ञ, ट–ण, त–न, प–म, उसी वर्ण माला से हैं, तो जब एक ही श्रोत को लेकर हम इस देश में खड़े हैं, तो फिर इस में कोई कठिनाई नहीं आती है ।

मेरा विरोध इस से इस लिये है कि जो विधेयक लाया गया है, उस के अन्दर कोई योजना नहीं है बातें तो हम बहुत करते हैं, प्लानिंग की बात चलती है, परन्तु स्वदेश में स्वभाषा के व्यवहार के लिये कोई निर्दिष्ट अवधि न दे कर इस को बीच में ही छोड़ दिया है । इस लिये यह विधेयक स्वयं जो मूल संविधान बनाने वालों की भावनायें हैं, उन के विपरीत है । इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि इस विधेयक को वापस लिया जाय । 1963 के पहले जो हुआ है, उस में तो खुली छुट्टी है, उस में अवधि भी बिलकुल बांधी नहीं है, लेकिन इस विधेयक के कारण तो एक छोटा सा नागालैंड यदि पूरे भारत पर अंग्रेजी थोपने का काम करे, तो कर सकता है । गांधी जी ने साफ कहा था कि हम अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि हम अंग्रेजों के खिलाफ हैं, इस का मतलब यह है कि हम अंग्रेजी राज्य के खिलाफ हैं । जब हम कहते हैं कि अंग्रेजी हटाओ, तो उसका मतलब यह नहीं है कि देश से अंग्रेजी को निकाल दो । हमारा मतलब है कि उस को सिंहासन से हटाओ, कालिज के स्थान पर लाइब्रेरी में बैठाओ । उस का स्थान वहीं पर रहे, हम और आप आजाद हैं, किन्तु भाव खोल

कर दुनिया की तरफ क्यों देखें, हर एक के लिये वह महाद्वार खुला है, उस के द्वारा हम सब को देखें, सब से साथ व्यवहार करें, लेकिन स्व-व्यवहार के लिये हिन्दी और देश की सभी भाषाओं को लेकर चलना होगा, हमारे लिये देश की सब भाषायें एक रूप हैं, केवल सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी को स्वीकार करना होगा । हिन्दी को लोकप्रिय करने के लिये यदि हम अब तक कार्य करते तो क्या सफलता नहीं मिलती और क्या यह विधेयक लाकर हिन्दी जल्दी आयेगी ? नहीं आयेगी, आपकी मंशा ठीक नहीं दिखती, 20 साल तक जिन्होंने कुछ नहीं किया, अब वे क्या करेंगे—यह कहना बहुत मुश्किल है । इसलिये हम कहते हैं कि समय निर्धारित करो, इस विधेयक से आप बंधते नहीं हैं, बल्कि यह विधेयक तो अंग्रेजी को बांधने का काम करता है, इस लिये इस को वापस लीजिये ।

श्रीमती सुचेता कृपालानी (गोंडा) : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो राजभाषा संशोधन विधेयक सदन के सामने उपस्थित किया गया है, जिस शक्ल में यह विधेयक आया है, मुझे खेद से कहना पड़ता है कि मैं और मेरे साथ बहुत से कांग्रेस जन होंगे, जो इस शक्ल में इसको अपनी मन्जूरी देने में परेशानी पायेंगे ।

यह भी बहुत खेद की बात है कि 20 साल बाद ऐसा विधेयक हमें यहां लाना पड़ा । इस में यही प्रतीत होता है कि जो काम करने के लिये हम ने प्रारम्भ किया था, उस काम में हम नाकामयाब रहे और अगर हम लोग सम्पूर्ण रूप से चेष्टा करते तो आज भारत काफी हिन्दीमय हो जाता और भारत के दूसरे प्रान्तों में भी लोगों में हिन्दी के प्रति प्रेम होता और लोग सीखते ।

मुझे याद है बहुत पुराने दिनों की बात है, मैं मद्रास में पहले-पहल गई थी, शायद 30 साल पहले गई थी, जब महात्मा जी वहां गये थे, और वहां की हिन्दी प्रचार समिति ने एक सभा रखी थी । उस सभा में कितने तमिल भाइयों और बहनों ने उनसे अपना प्रमाणपत्र लिया था और उस समय उन लोगों में कितना उत्साह था । उस उत्साह का कारण क्या था ? गांधी जी प्रेम से लोगों के अन्दर हिन्दी का प्रचार करवा रहे थे । उस समय क्योंकि हम लोग गुलाम थे, हम लोग हिन्दी को अपनी भारतीय भाषा होने में गौरव समझते थे । उस समय हम लोग अंग्रेजी भाषा को जबरन बोलते थे, क्योंकि हम समझते थे कि इससे हमें काम लेना है—ऐसी भावना थी । यह बात सही है कि हमारा राष्ट्र एक फैडरल स्टेट है, यहां नाना भाषायें हैं, नाना मत हैं, नाना प्रकार की वेशभूषायें हैं, नाना प्रकार के रस्मो रिवाज हैं, लेकिन इतना वैषम्य होते हुए भी एक समन्वय है—जैसा कि मुझ से पहले बहुत सुन्दर ढंग से जोशी जी बता रहे थे । हमारी एक संस्कृति है, उसी से हम हिन्दुस्तान हैं । हमारे देश की इतनी पुरानी सभ्यता है, संस्कृति है, हमारी संस्कृति इतनी विकसित है, इतना होते हुए भी कोई एक भाषा इस देश की भाषा न बन सके, तो हमारी संस्कृति और सभ्यता की कोई कद्र नहीं है, इस का कौड़ी का मूल्य नहीं है ।

मैं आपको बतलाऊं, अभी कल ही विजय लक्ष्मी जी बतला रही थीं, उन के साथ क्या क्या पेश आया था । जब वह रूस में गई और जब वह अपना क्रिडेन्शल पत्र देने लगीं तो उन्होंने बहुत लांछित किया कि तुम कैसे जंगली हो, क्या तुम्हारी अपनी भाषा नहीं है । मुझे याद है मेरे साथ भी ऐसा ही बीता था—मैं जर्मनी में घूम रही थी । हम लोगों को अंग्रेजी लिखने की आदत पड़ी हुई है, मैं अपनी नोट बुक में अंग्रेजी में लिख रही थी, वहां के एक व्यक्ति ने देख लिया—उन्होंने पूछा—क्या बहिन, आप लोगों की अपनी कोई भाषा नहीं है, जो आप अंग्रेजी में लिख रही हैं, मेरा सिर शर्म से झुक गया ।

SHRI NAMBIAR : She could have done it in Hindi.

श्रीमती सुचेता कृपलानी : मैं अपना दोष बता रही हूं । तो इस मुल्क की इतनी पुरानी संस्कृति है, सभ्यता है, इतनी भाषायें होने के बाद भी कोई एक भाषा इस देश की भाषा न हो सके, जिस के द्वारा हम आपस के मनोभावों को दूसरों को प्रकट कर सकें, जिसको लिंक-लैंग्वेज कह सकें—तो यह बड़े शर्म की बात है, तौहीन की बात है । कोई न कोई भाषा जरूर बन सकती है, जो हमारी देश की हो ।

20 साल पहले हिन्दी के पक्ष में क्यों फैसला लिया गया था ? हिन्दी के पक्ष में इसलिये फैसला लिया गया था—जैसा हमारे जोशी जी ने बताया—इस लिये नहीं कि सब से ज्यादा विकसित भाषा हिन्दी थी, इसलिये कि हिन्दुस्तान के कई प्रान्तों में हिन्दी बोली जाती थी । इस लिये समझा गया कि जब देश के ज्यादा से ज्यादा लोग इस भाषा को बोलते हैं, इस लिये इसको राज भाषा बनाया जाय । अगर हम देखते कि तमिल भाषा ज्यादा लोग बोलते हैं, तो हम तमिल के पक्ष में ही फैसला करते । हिन्दी की तरफदारी के लिये हिन्दी को नहीं बनाया, वास्तविक परिस्थितियों को देख कर ही यह फैसला हुआ कि सब से ज्यादा संख्या में लोग हिन्दी को बोलते हैं, इस लिये हिन्दी को बनाया गया ।

मैं अपने तमिल और दक्षिण के भाइयों से एक विनती करना चाहती हूं । हम लोग इतने होशियार हैं, हिन्दुस्तान भर के लोग, कि अंग्रेजी भाषा को हम ने अपना लिया और अंग्रेजी को अपनाने के बाद हम में कुछ इतना जोश चढ़ गया कि हम उस को मातृ भाषा ही समझने लगे और उसका इस्तेमाल करने में बड़ा गौरव समझते हैं और अपनी भाषा को ठीक प्रकार से बोल भी नहीं सकते हैं । मैं कहना चाहती हूं कि अगर हम अंग्रेजी सीख सकते हैं—जब कि अंग्रेजी का हिन्दुस्तान की दूसरी भाषाओं से कोई मेल नहीं है, हिन्दी और देश की अन्य भाषाओं का तो कुछ हद तक मेल भी है, तमिल भाषा जो संस्कृति से अलग मानी जाती है, उस में अन्य भाषाओं के शब्द मिलते हैं, क्या उसको नहीं सीख सकते ? तमिल, तेलुगू तथा दक्षिण की अन्य भाषाओं को लीजिये, वहां के कवियों ने, मनीषियों ने लेखकों ने अपने लेखों में, कविताओं में संस्कृति के अनेकों शब्दों का प्रयोग किया है । उन्होंने अपनी भाषा के साथ संस्कृत का व्यवहार किया है—त्यागराज, दीक्षितार, श्याम शास्त्री —आप इनकी कृतियों को पढ़िये, जब आप इनकी कृतियों को सुनते हैं, तो उन में बहुत से शब्द ऐसे हैं, जो समझ में आते हैं, संस्कृत को उन्होंने बहुत हद तक अपनाया है । ठिकाना, रामराज्य भूषण, विश्वनाथ सत्यनारायण—इन सब को आप सुनें तो आप देखेंगे कि इनकी कृतियों में बहुत से संस्कृत शब्दों का प्रयोग है । इसके अलावा दक्षिण में जो प्रबन्धम् स्तुति वैष्णव गाते हैं, उनमें संस्कृत भरी पड़ी है । तो वह वे लोग समझते हैं—इसका मतलब यह है कि सारा भारत संस्कृत भाषा से कुछ न कुछ वाकफियत, परिचय रखता है । जब दक्षिण के भाई इन कृतियों को समझते हैं, तो इस का मतलब है कि संस्कृत से उन का परिचय है और हिन्दी में तो संस्कृत भरी पड़ी है । कम से कम हिन्दी और तमिल, हिन्दी और तेलुगू, हिन्दी और कन्नड़, हिन्दी और मलयालम के कुछ न कुछ शब्दों से अवश्य परिचित हैं, परन्तु अंग्रेजी का कौन सा शब्द उन की भाषा से मिलता है । अंग्रेजी के दो-चार शब्द मामा, पापा—माता और पिता से थोड़े बहुत मिलते हैं, परन्तु जब हम इतने होशियार हैं कि हम अंग्रेजी को इतनी भिन्नता हुए भी सीख सकते हैं और समझते हैं कि अंग्रेजी के सिवाय दूसरी लिंक लैंग्वेज नहीं बन सकती, क्या हिन्दी को उस से कहीं आसानी से नहीं समझ सकते ? मैं बहुत विनती से उन से कहना चाहती

हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि अगर वे प्रयास करें तो आपने जितनी बढ़िया अंग्रेजी सीखी है, (बजाय इसके कि हम गलत अंग्रेजी बोलते हैं), उससे कहीं ज्यादा अच्छी हिन्दी हम बोल पाएंगे, और जल्दी सीख पाएंगे ।

हां यह बात सही है कि गलतियां हमारी हैं, हमारी सरकार की हैं । गलती हमारी पार्टी की है गलती सब पार्टियों की है । अगर विगत २० सालों में हम ने हिन्दी का प्रचार और प्रसार जैसे करना चाहिए था किया होता, जैसे लोगों को हिन्दी सिखाने का प्रयास करना चाहिए था ऐसा किया होता तो आज हमें यह नौबत देखने को नहीं मिलती ।

मुझे यह बात दुःख के साथ कहनी पड़ती है कि हमारे कुछ ऐसे हिन्दी प्रेमियों ने हिन्दी के लिए अधिक उग्र तरीके से प्रचार किया । बहुत उग्र तरीके से प्रचार करना भी अच्छा नहीं होता । अति उग्र जब हो जाता है तो उस की प्रतिक्रिया भी उग्र भाव से होती है । इन्हीं सब कारणों से आज एक परिस्थिति ज़रूर देश में हो गई है जहां एक रैजिस्टैंस उस के लिए हो गयी है कि अहिन्दी भाई यह सोचने लगे हैं कि हम हिन्दी नहीं सीखेंगे चाहे कुछ क्यों न हो जाये । उस रैजिस्टैंस की भावना को उन के बीच में से उड़ा देने के लिए उस पृष्ठभूमि में आज यह विधेयक लाया गया है । आज देश के सामने एक परेशानी है, दिक्कत है और मैं समझती हूं कि अगर आज हम कहें कि हिन्दी भाषा सीखने के लिए थोड़ा और समय देना चाहिए, अहिन्दी भाषा भाषी थोड़ा समय और ले लें तो उस में कोई अनुचित बात नहीं होगी । इस मकसद से अगर यह विधेयक लाया गया है तो वह ठीक ही किया गया है ।

राजभाषा संशोधन विधेयक में बहुतसी बातें ऐसी हैं जो हमें पसन्द नहीं हैं और उन के लिए हम ने संशोधन मूव करने का नोटिस भी दिया हुआ है । जब इस पर बारीकी से बहस चलेगी तो मैं उन पर डिटेल में चर्चा करूंगी । अगर वह संशोधन स्वीकार नहीं किये जाते हैं तो मेरी समझ में वह लोग जो हिन्दी भाषा सीख रहें हैं उन के साथ हम अन्याय करने वाले हैं । एक तरफ़ जहां यह ज़रूरी है कि हम प्रेम से अहिन्दी भाषी लोगों को हिन्दी अपनाने की तरफ़ खींचें, जबरदस्ती करने से नुकसान हो जायेगा वहां हमें यह भी देखना होगा कि जहां-जहां लोगों ने हिन्दी भाषा को अपना लिया है, उन स्टेटों में जहां युनिवरसिटीज़ में हिन्दी के माध्यम से पढ़ाई होने लग गई है, जहां पर कि लड़के हिन्दी में पढ़ने लग गये हैं क्योंकि हम ने २० साल पहले फैसला किया था कि हम सारे देश में राजभाषा हिन्दी को करेंगे उस सरकार के फैसले के अनुसार वह बेचारे हिन्दी पढ़ने लगे तो आज बैठे-बैठाये उन से कहा जाय कि तुम हिन्दी में अगर पत्र-व्यवहार आदि काम करोगे तो तुम्हारे ऊपर यह पैनाल्टी लगेगी कि उस हिन्दी पत्र के साथ साथ तुम्हें उस का अंग्रेज़ी अनुवाद भी नत्थी करके भेजना पड़ा करेगा तो यह उन के साथ अन्याय होगा । आज इस विधेयक में जो झलक हमें दिखाई पड़ रही है और जिसके लिए हम लोगों को एतराज़ है वह झलक यही है कि जो यह कहा जा रहा है कि हिन्दी हमारी राजभाषा है, मतलब पहली राज-भाषा हमारी हिन्दी है और दोयम नम्बर यह अंग्रेज़ी एसोसिएट भाषा है, सह भाषा है मगर वास्तविक रूप जो अमल में इस में दिया जा रहा है.....

SHRI NAMBIAR. If you write it . .

SHRI SHEO NARAIN: What is this?

SHRI NAMBIAR: I am not objecting. If you write it in Hindi, without English translation, we are unable to understand it.

SHRIMATI SUCHETA KRIPALANI: I will explain that. मैं यह कह रही हूं कि जहां हिन्दी की प्रगति हो गई है उन के ऊपर जबरन अंग्रेज़ी मत डालो । अब नम्बियार साहब ने सवाल पूछा कि अगर आप हिन्दी में हमें बगैर उस के इंग्लिश ट्रान्स-

[श्रीमति सुचेता कृपलानी]

लेशन से लिखोगे तो हम उस को समझ नहीं सकेंगे और उस हालत में क्या होगा ? मैं उन की यह बात मानने को तैयार हूं कि आप को जब हम चिट्ठी आदि लिखेंगे, हम अगर दो ऐसी स्टेटों में खतोकिताबत चलायेंगे जहां एक स्टेट में हिन्दी नहीं होगी तो वहां "इंग्लिश शैल बी यूज्ड नौटविदस्टेंडिंग एनीथिंग, इंग्लिश शैल बी यूज्ड"। अगर आप अभी हिन्दी नहीं समझते तो हम इंग्लिश में आप को समझायेंगे । हम चाहते हैं कि अपनी मनोभावना हम आप को समझाएं । भाषा हमारी हिन्दी है । चिट्ठी हम हिन्दी में लिखें लेकिन आप चूंकि उसे समझ सकें इस के लिए हम तैयार हैं कि उसका अंग्रेजी तर्जुमा साथ में जब तक आप हिन्दी न समझ सकें तब तक भेजें । हिन्दी हमारी राजभाषा है और अंग्रेजी सहभाषा है, दोयम भाषा है इसलिए अहिन्दी भाषा भाषी लोगों के साथ हम हिन्दी भाषी लोग पत्र व्यवहार करते समय इसका ध्यान रखेंगे कि आप हमारी बात समझ सकें और जब तक आप हिन्दी का ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाते हम अंग्रेजी में आप को समझायेंगे । मैं ऐसा अव्यवहारिक रुख नहीं अपनाना चाहती कि आप समझें या न समझें मैं हिन्दी में ही आप को अपनी बात लिखूं । लेकिन यदि एक हिन्दी भाषी राज्य केन्द्र से पत्रव्यवहार कर रहा है तो हिन्दी पत्र के साथ इंग्लिश ट्रान्सलेशन होना जरूरीन हीं होना चाहिए या केन्द्र में ही परस्पर विभिन्न मंत्रालयों में या सबार्डिनेट आफिसैज से जो आपसी पत्र व्यवहार, सरकारी कामकाज हो वह अंग्रेजी में हो ऐसा मैं नहीं मानती हूं । वहां अंग्रेजी में होने का कोई सवाल नहीं है । वहां हिन्दी में काम होना चाहिए । अगर जरूरत पड़े तो अलबत्ता उस का अंग्रेजी ट्रान्सलेशन दे दिया जाय । लेकिन वैसे सारा काम सैंटर के विभिन्न मंत्रालयों में आपस में हिन्दी में ही होना चाहिए ।

संविधान नें आज १७ ने वर्ष पूर्व हिन्दी को राजभाषा के सिंहासन पर बिठा दिया है लेकिन व्यवहार में देखा जाय तो वह सिर्फ नाम के लिए ही है और इस विधेयक से भी मुझे कुछ ऐसा ही लग रहा है कि नाम के वास्ते तो कह दिया गया है कि हां हिन्दी तुम ऊपर सिंहासन पर बैठी हो लेकिन वह वैसे ही है जैसे किसी को फर्स्ट क्लास में स्टार्टिंग स्टेशन से बैठा तो दिया गया लेकिन दूसरे ही स्टेशन पर उसे फर्स्ट क्लास से उतार लिया गया हो । अब इस तरह का कैद रखना कि अगर कोई हिन्दी में चिट्ठी लिखने की जुर्रत करे तो साथ-साथ उस के उसे अंग्रेजी ट्रान्सलेशन जरूर देना पड़ेगा दोनों पार्टीज के लिए ट्रान्सलेशन देना जरूरी होगा तो इस से लोग हिन्दी में लिखने के लिए बजाय इनकरेज होने के डिस्करेज ही होंगे । हांलाकि हम यह कहते हैं

Hindi is our main language. Hindi is our official language, we accept it.

इस पर भी जब तक अहिन्दी भाषी लोग हिन्दी का ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाते थोड़े दिन तक उनको हिन्दी पत्रादि का अंग्रेजी तर्जुमा देने को हम तैयार हैं । लेकिन जैसा मैंने कहा हिन्दी को महज नाम के वास्ते राजसिंहासन पर बैठाया गया है व्यवहार में हिन्दी नहीं है, जैसे मुझे यह कहने के लिए माफ़ किया जाय कि हमारे हिन्दुस्तान में औरतों को देवी की तरह सिंहासन पर पूजने के लिए रख दिया गया है हालांकि सब जानते हैं कि औरतों की क्या हालत है ? घर पर औरत को झाड़ू, बुहारू, आदि सारे काम करने पड़ते हैं और उनको वह आदर नहीं मिलता जो मिलना चाहिए । ऐसा दोरुखा व्यवहार हिन्दी के बारे में आज चल रहा है । वैसे तो हिन्दी इतनी भारी देवी है लेकिन अगर उसे तुम ने इस्तेमाल करने का साहस किया, हिन्दी में तुम ने पत्र व्यवहार आरम्भ किया तो वैसा करने वाला डिसएडवान्टेज (असुविधा) में रहेगा और अंग्रेजी ट्रान्सलेशन देने के लिए उस पर पैनाल्टि लगेगी तो वह चीज ठीक नहीं है । इसीलिए मैं आज यह कहना चाहती हूं कि आज जो भावना है

कांस्टीट्यूशन में और जिस राजभाषा के पद पर हम ने हिन्दी को 18 साल पहले से ही बैठाया हुआ है उसे व्यवहार में भी मान्यता दिलायें। इन 18 सालों में भले ही अपनी नालायक़ी से अथवा और किन्हीं कारणों से हिन्दी को हम व्यवहार में नहीं लाये और उस को अपेक्षित स्थान नहीं दिला पाये हैं कम से कम आज इस विधेयक के जरिए यह भावना साफ़ दिखाई पड़नी चाहिए कि उत्तरोतर हम हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में ग्रहण कर रहे हैं। अंग्रेजी जब तक कुछ लोगों के लिए वास्तविक जरूरत हो उतने वक्त तक उस को चलायें लेकिन उस के लिए हिन्दी को डिसऐडवांटेज (नुकसान) में नहीं डालना चाहिए। बाक़ी दरअसल इस हिन्दी और अंग्रेजी के पीछे सारे झगड़े की जड़ में नौकरियां हैं। हमारे भारतवर्ष में आज से नहीं मैकाले के समय से सरकारी नौकरी की महत्ता समझी जाती रही है, हर एक शिक्षित नौजवान नौकरी पाने के लिए उत्सुक रहता है और अलावा नौकरी करने के उस की दृष्टि और कहीं नहीं जाती है। हमारे देश के नौजवानों के विकास की प्रगति का कुछ भी फाटक खुला है तो वह सरकारी नौकरी की प्राप्ति है। उस के ही सिवाय और कुछ नहीं है। इसलिए जैसा मैं ने कहा है इस हिन्दी अंग्रेजी के पीछे सारा झगड़ा यह सरकारी नौकरियां ही हैं। अंग्रेजी भाषा चूंकि वह किसी की भाषा नहीं थी वह एक विदेशी भाषा थी इसलिए सब को उस में बराबर डिसऐडवांटेज (असुविधा) थी लेकिन अगर हिन्दी हो जायेगी तो जाहिर है कि हिन्दी भाषा भाषी लोगों को औरों के मुक बले ऐडवांटेज (सहूलियत) हो जायेगी। They will have an edge over some दरअसल बात यह है, और उस में मैं मानती हूं कि कुछ सचाई भी है। इस के लिए हम ऐडजस्टमैंट कर सकते हैं लेकिन यह भी नहीं होना चाहिए कि पिछले 20 साल में तो हम ने हिन्दी के लिए कुछ किया नहीं, हिन्दी हम लाय नहीं। अब 1965 के बाद आज यह मानना चाहिए कि कांस्टीट्यूशनल पोजीशन (संवैधानिक स्थिति) यह है कि हिन्दी इस देश की आफिशिएल लैंग्वेज है तब किसी न किसी तरीक़े से उसे सरकम्बैंट करके अंग्रेजी को ऊपर लाने की कोशिश की जाय। जरूरत इस बात की है कि ईमानदारी के साथ और एक निश्चित प्रोग्राम के साथ हम हिन्दी का विकास करें और व्यवहार में उसे लायें लेकिन यह शर्त्त आप ने क़ायम रखी कि अगर किसी ने हिन्दी में चिट्ठी लिखने की हिम्मत की तो उसे उस का अंग्रेजी ट्रान्सलेशन देना पड़ेगा तो कोई हिन्दी में लिख कर क्यों इतना फजीता मोल लेगा और हिन्दी कोई नहीं सीखेगा, किसी को पर्वाह नहीं होगी और उस हालत के रहते कौन इतनी तकलीफ़ उठायेगा ?

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्या कल को अपना भाषण जारी रक्खें।

17.59 Hrs.

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

TENTH REPORT

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (DR. RAM SUBHAG SINGH) : I beg to present the Tenth Report of the Business Advisory Committee.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, December 8, 1967/Agrahayana 17, 1889 (Saka).

L93LSS(CP)/67—1010—2-3-68—GIPF.